इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26






# सुरक्षा कवच, जीएसटी कट, नौकरियां, डेमोग्राफिक संतुलन... लाल किले से पीएम मोदी ने खींची सेफ और समृद्ध भारत की तस्वीर

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में आत्मनिर्भर, बुलंद और स्वाभिमान से भरे भारत की झलक देखने को मिली. देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट के अपने संबोधन में पीएम मोदी ने 2047 के लिए विकसित, समृद्ध और खुशहाल भारत की तस्वीर खींची. इसके अलावा पीएम मोदी ने आने वाली दीवाली के लिए जनता को खुशखबरी देते हुए जीएसटी दरों में भारी कटौती की घोषणा की. उन्होंने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए 1 लाख करोड़ के फंड की घोषणा की. पीएम मोदी ने देश में डेमोग्राफिक चेंज पर चिंता जताई और इसकी गंभीरता को देखते हुए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने की घोषणा की.



## आ रही है जीएसटी में कटौती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के मौके पर आने वाली दिवाली पर देशवासियों को दोहरी खुशी देने की घोषणा की. पीएम मोदी ने कहा कि दिवाली से हमारी सरकार नया जीएसटी रिफॉर्म लेकर आ रही है, जिसके तहत मौजूदा जीएसटी दरों की समीक्षा की जाएगी. साथ ही टैक्स स्लैब को भी तर्कसंगत बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि देश में लंबे समय से जीएसटी रिफॉर्म की बात चल रही है. इसके लिए हमने राज्यों से भी बात की है. एक उच्चस्तरीय कमेटी इस मामले पर चर्चा कर रही है. पीएम ने कहा कि जल्द ही इसको लेकर ऐलान किया जा सकता है, जिससे कि रोजमर्रा की जरूरत की काफी चीजें सस्ती हो जाएंगी.

## राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सुदर्शन चक्र का आयरन डोम

लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वाकांक्षी ÷सुदर्शन चक्र मिशन÷ की घोषणा की. इसका उद्देश्य अगले दशक में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करना है. आत्मनिर्भरता पर ज़ोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2035 तक देश भगवान श्री कृष्ण के सुदर्शन चक्र से प्रेरणा लेते हुए अपने सुरक्षा ढांचे का विस्तार, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण करना चाहता है.राष्ट्र की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने का खांका खींचते हुए उन्होंने कहा, ÷अगले दस वर्षों में 2035 तक मैं इस राष्ट्रीय सुरक्षा कवच का विस्तार, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण करना चाहता हूं. भगवान श्री कृष्ण से प्रेरणा लेते हुए, हमने सुदर्शन चक्र का मार्ग चुना है. जब महाभारत की लड़ाई की चल रही थी राष्ट्र सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा. इस संपूर्ण आधुनिक प्रणाली का अनुसंधान, विकास और निर्माण भारत में ही किया जाना चाहिए और इसके लिए हमारे युवाओं की प्रतिभा का उपयोग किया जाना चाहिए. यह शक्तिशाली प्रणाली न केवल आतंकवादी हमलों का मुकाबला करेगी, बल्कि आतंकवादियों पर करारा प्रहार भी करेगी, डिफेंस की आयरन डोम प्रणाली की जरूरत पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य मिशन सुदर्शन चक्र नाम की अपनी स्वयं की सुरक्षा कवच जैसी प्रणाली विकसित करना है, जिसे नागरिक क्षेत्रों सहित महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है. लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने युवाओं के लिए अहम घोषणा करते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'समय पर मतदाता सूची की जांच नहीं की, मौका गंवा दिया'; वोट चोरी के आरोपों पर EC की दो टूक

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शनिवार को राजनीतिक दलों को कड़ा संदेश दिया। कहा कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तर के एजेंटों (बीएलए) ने समय पर मतदाता सूचियों की जांच नहीं की और मौका गंवा दिया।

अब वे पूर्व में तैयार की गई मतदाता सूचियों में त्रुटियों का मुद्दा उठा रहे हैं। अगर उन्होंने समय पर ऐसा कदम उठाया होता और यह गलतियां सही होतीं तो संबंधित एसडीएम, ईआरओ उसमें सुधार कर लेते।

चुनाव आयोग (ईसी) ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची तैयार करने के सभी चरणों में राजनीतिक दल शामिल हैं। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की हार्ड कॉपी और डिजिटल कॉपी सभी राजनीतिक दलों के साथ शेयर की जाती हैं और इन्हें चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सभी के देखने के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है।



## एक महीने का दिया जाता है समय

चुनाव आयोग ने कहा, इसके बाद दावे और आपत्तियां दर्ज करने के लिए एक महीने का समय दिया जाता है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची भी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाती है और दो-स्तरीय अपील प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाती है।

ऐसा लग रहा है कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय एजेंटों ने सही समय पर मतदाता सूचियों की जांच नहीं की और गड़बड़ियों के बारे में जानकारी नहीं दी।

बिहार में मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण अभियान पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार के सभी राजनीतिक दलों को 20 जुलाई, 2025 से उन लोगों की लिस्ट दी गई थी जिनका नाम वोटर लिस्ट से बाहर किया जाना था। वोटर की मृत्यु, दूसरे जगहों पर स्थाई रूप से रहने, एक ही जानकारी को कई बार दर्ज करने की वजह से ऐसा किया गया।

## साफ-सुथरी हो मतदाता सूची

चुनाव आयोग ने कहा, 'हम अभी भी राजनीतिक दलों और मतदाता की ओर से वोटर लिस्ट की जांच का स्वागत करते हैं। हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि साफ-सुधरी मतदाता सूची हो और लोकतंत्र को और मजबूत बनाएं।'

# अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने किया स्वागत, कहा- संवाद से ही बनेगी शांति की राह

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका और रूस के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है।



रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

## वार्ता पर दुनिया की नजरें

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में हुई शिखर वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात हुई। हालांकि बैठक को 'उपयोगी' बताते हुए भी ट्रंप ने यह साफ किया कि फिलहाल कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन अभी हम पूरी मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं। ट्रंप ने बातचीत को 'बहुत सकारात्मक' बताते हुए यह भी कहा कि अगले कदमों पर वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और नाटो नेताओं से चर्चा करेंगे। वहीं पुतिन ने ट्रंप की 'मित्रतापूर्ण' भाषा और रूस के राष्ट्रीय हितों की समझ की तारीफ की। हालांकि, वार्ता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विजयवर्गीय बोले, 15 अगस्त को कटी-फटी आजादी मिली थी, एक दिन इस्लामाबाद पर तिरंगा फहराएंगे

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय द्वारा देश की स्वतंत्रता को लेकर दिए गए बयान पर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। दरअसल, विजयवर्गीय ने कहा कि जिस आजादी के लिए सरदार भगत सिंह ने फांसी का फंदा पहना था, वह आजादी हमें नहीं मिली। हमें कटी-फटी आजादी मिली है। विभाजन का हवाला देते हुए कहा कि भारत माता के दो टुकड़े हुए हैं, लेकिन एक दिन ऐसा आएगा कि हम इस्लामाबाद पर तिरंगा झंडा फहराएंगे। हम अखंड भारत की कल्पना करते हैं। यह बयान मंत्री विजयवर्गीय ने गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इंदौर में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिया। इस पर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि भाजपा नेता स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। भाजपा को जवाब देना चाहिए कि क्या यही उनका राष्ट्रवाद है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों ने पहले अंग्रेजों की मुखबिरी की और अब वे आजादी का अपमान कर रहे हैं।



# तमिलनाडु के मंत्री के ठिकानों पर ED का छापा, DMK बोली- वोट चोरी के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने शनिवार (16 अगस्त, 2025) को तमिलनाडु के मंत्री आई पेरियासामी और उनके विधायक बेटे आइपी सेंथिल कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की। डीएमके ने इस कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वोट चोरी के मामलों से ध्यान भटकाने के लिए ये कार्रवाई की जा रही है। पार्टी ने कहा कि हमें किसी भी कीमत पर झुकाया नहीं जा सकता है।



## किस मामले में ईडी ने की छापेमारी?

पेरियासामी प्रदेश के ग्रामीण विकास, पंचायत और पंचायत संघ मंत्री हैं। ईडी ने उनके और उनके बेटे के घर पर भी तलाशी अभियान चलाया। बता दें कि पेरियासामी डिडिगुल जिले की अथूर विधानसभा सीट से डीएमके का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये छापे 2.1 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़े हैं। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच मद्रास हाई कोर्ट के अप्रैल के आदेश पर शुरू हुई है, जिसमें डिडीगुल की एक विशेष अदालत ने मंत्री और उनके परिवार के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था।

डीएमके की वरिष्ठ नेता कनिमोझी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आयकर विभाग और ईडी जैसी केंद्रीय संस्थाएं भाजपा के हथियार के तौर पर विपक्ष के खिलाफ काम कर रही हैं। डीएमके ने अनेक चुनौतियां झेली हैं। किसी भी तरह की धौंस हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं को डरा नहीं सकती है। डीएमके के संगठन सचिव आरएस भारती ने कहा कि पार्टी न तो ईडी से डरती है और न मोदी से। पार्टी इस मामले को वैध तरीके से चुनौती देगी।




# मोदी की चीन यात्रा से पहले वांग यी का भारत दौराः सीमा विवाद पर होगी अहम चर्चा

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18 अगस्त को भारत का दौरा करेंगे। बीजिंग ने शनिवार को पुष्टि की कि वांग यी 18 से 20 अगस्त तक भारत में रहेंगे और सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वें दौर की वार्ता में हिस्सा लेंगे। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तिआनजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए चीन जाएंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, वांग यी विशेष निमंत्रण पर भारत आएंगे और सीमा विवाद पर बातचीत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हम चाहते हैं कि जीएसटी 2.0 अच्छा और सरल कर हो, विकास को दबाने वाला न हो; पीएम के ऐलान पर कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को जीएसटी 2.0 पर व्यापक बहस के लिए जल्द ही एक आधिकारिक डिस्कशन पेपर जारी करने की मांग की। मुख्य विपक्षी दल से सरकार से कहा है कि जीएसटी की मूल भावना गुड्स एंड सिंपल टैक्स होनी चाहिए न कि ग्रोथ स्प्रेसिंग टैक्स जो यह फिलहाल बना हुआ है। मुख्य विपक्षी पार्टी का यह बयान जीएसटी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से किए गए एक एलान के बाद आया है।



15 अगस्त के मौके पर पीएम मोदी ने घोषणा की है कि इस साल दिवाली तक जीएसटी की दरें कम कर दी जाएंगी। इससे रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं की कीमतें भी कम हो जाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार मुकदमेबाजी और कर चोरी से ग्रस्त आठ साल पुरानी व्यवस्था में सुधार करना चाहती है। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कम से कम डेढ़ साल से उनकी पार्टी मौलिक बदलावों के साथ जीएसटी 2.0 की मांग कर रही है।

2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र में जीएसटी 2.0 के जिक्र के बारे में बताते हुए कांग्रेस नेता रमेश ने शुक्रवार को कहा कि ऐसा लगता है, प्रधानमंत्री को आखिरकार यह बात समझ आ गई है कि जब तक यह परिवर्तन नहीं होगा और निजी उपभोग और निजी निवेश में वृद्धि नहीं होगी। आर्थिक विकास में तेजी नहीं आएगी। उन्होंने एक बयान में कहा, पिछले सात वर्षों में, दरों की बढ़ती संख्या और अनेक छूटों के कारण जीएसटी की भावना दूषित हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस ढांचे ने कर चोरी को भी बढ़ावा दिया है। दरों की संख्या में भारी कमी होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि दर संरचना का सरलीकरण आवश्यक है, लेकिन यह इस तरह से किया जाना चाहिए कि राज्यों के लिए राजस्व अनिश्चितता कम से कम हो और वर्गीकरण विवाद भी समाप्त हो जो बहुत आम हो गए हैं। उन्होंने कहा, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर 31 मार्च, 2026 को समाप्त हो रहा है। दर संरचना में इस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ ढाई हजार पेजों की चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली। तीन महीने की जांच के बाद यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ 2,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पुलिस को इस बात के पुख्ता सबूत मिले हैं कि वह पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही थी। ट्रैवल विद जो नाम से यूट्यूब पर ट्रैवल अकाउंट चलाने वाली ज्योति मल्होत्रा उर्फ ज्योति रानी को मई में हरियाणा के हिसार से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा था कि वह पाकिस्तान उच्चायोग में एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में थी और कम से कम दो बार पड़ोसी देश जा चुकी थी। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद, रहीम को जासूसी करने और भारतीय सेना की गतिविधियों की संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया गया था और 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया था। हिसार पुलिस ने इस बड़े आरोप-पत्र में कहा है कि मल्होत्रा लंबे समय से जासूसी कर रही थी। आरोपपत्र में रहीम के साथ उसके संबंधों का उल्लेख है और कहा गया है कि वह आईएसआई एजेंट शाकिर, हसन अली और नासिर ढिल्लों के भी संपर्क में थी।



**पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के ठोस सबूत मिले**















# पहला कॉलम...

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्पीकर हाऊस में किया ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव स्थित स्पीकर हाऊस में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वतंत्रता दिवस पर आज कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने इस दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर कलेक्टर की पत्नी श्रीमती रश्मि भुरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## संस्कार सिटी इन्टरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस




राजनांदगांव (दावा)। संस्कार धानी की अग्रणी संस्था संस्कार सिटी इन्टरनेशनल स्कूल में उल्लासपूर्ण सम्पन्न हुआ स्वतंत्रता दिवस। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी जी ने ध्वजारोहण कर शाला परिवार को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम के लिए, बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण नृत्य एवं संगीत की मोहक प्रस्तुति से समां बॉध दिया। आयोजन में संस्था के प्रबंधकगण अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव अतुल देशलहरा, प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकाश जोशी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से हमारा उत्साह वर्धन किया। श्री देशलहरा जी ने बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए हर सम्भव प्रयास करने का वचन दिया।

## कलेक्टर ने अपने निवास में किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजनांदगांव शहर के रामकृष्ण नगर स्थित अपने निवास में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## लक्ष्मी निवास सारडा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय प्रतिष्ठित उद्योगपति लक्ष्मी निवास सारडा का आज प्रातः वर्धमान नगर स्थित निवास स्थान में निधन हो गया। वे गत लगभग 5 माह से गंभीर रूप से अस्वस्थ थे। वे लगभग 80 वर्ष के थे।

आज संध्या स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। उनके पुत्र राजेश सारडा ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के बाद संक्षिप्त शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा को बाबा कल्याणदास सेवाश्रम ट्रस्ट की ओर से डॉ. अनिल कश्यप, स्थानीय माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पवन डागा आदि ने संबोधित किया। शोकसभा का संचालन बृजकिशोर सुरजन ने किया।

स्व. श्री सारडा व्यवसायिक उपक्रम के साथ ही अध्यात्म व धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। वे सुप्रसिद्ध संत बाबा कल्याणदास के एक प्रमुख शिष्य थे। उन्होंने बसंतपुर मार्ग पर विशाल भुखण्ड पर भव्य धार्मिक स्थल का निर्माण कर कल्याण सेवाश्रम अमरकंटक को समर्पित किया। स्व. श्री सारडा स्थानीय लौह व सीमेंट व्यवसायी श्रीकांत एवं रमाकांत सारडा (रायपुर) के बड़े भाई थे। परिवारिक सुत्रों के अनुसार स्व. श्री सारडा का उठावना सोमवार 18 अगस्त को वर्धमान नगर स्थित निवास स्थान में होगा।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
14th Aug to 21st Aug 2025




Coolie - 02:45 and 09:00 pm
War 2 - 11:30 am, 11:45 am, 02:45, 03:00, 06:00, 06:15, 09:15 and 09:30 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 12:00 and 06:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 14 से | रोजाना 4 खेल
एक्शन से भरपूर
वार-2
कला : रितिक रोशन, जुनियर एन.टी.रामाराव, अनिल कपूर, टाईगर श्राफ, कियारा अडवानी




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# जिले में अपूर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।





विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

विधानसभा अध्यक्ष ने उद्बोधन दिया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण के बाद समारोह में परेड का निरीक्षण किया। परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में आर्म्स प्लाटून के साथ-साथ एनसीसी और स्काउट-गाईड की टुकडियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता प्रतिभागियों एवं टीम को पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कमांडर नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन ने किया। उप निरीक्षक थाना बसंतपुर श्री राकेश पटेल ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 16 प्लाटून भाग लिया। जिसमें परेड में जेडी 27 बटालियन आईटीबीपी, 8वीं बटालियन सीएएफ राजनांदगांव, जिला बल, पीटीएस प्लाटून, पीएटीएस महिला प्लाटून, नगर सेना महिला, एनसीसी बालक दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका कमला कालेज, एनसीसी बालक स्टेट हाई स्कूल, एनसीसी बालिका सर्वेश्वरदास स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट हाई स्कूल, एनसीसी बालिका पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक स्कूल, एनसीसी नेवल बालिका डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर, स्काउट-गाईड बालिका महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल, स्काउट-गाईड बालक स्टेट हाई स्कूल शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस समारोह में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री, गायत्री विद्यापीठ, युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगांव के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्तिपूर्ण गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, खूबचंद पारख, भरत वर्मा, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांण्डिल्य, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमल किशोर श्रीवास्तव ने किया।

## तिरंगे का अपमान : टेलीफोन के खंबे में फहराया तिरंगा



स्थानीय प्रशासन की टीम ने ससम्मान उतारा किन्तु कार्यवाही शून्य

डोंगरगांव (दावा)। नगर के उपडाकघर परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे को टेलीफोन के पुराने खंबे पर फहराकर खुलेआम अपमान किया गया। हॉलाकि इस घटना की जानकारी लगने के बाद शहर के मीडियाकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थानीय प्रशासन व पुलिस को सूचित किया। मामले की गंभीरता देखते हुए प्रशासन की ओर से तहसीलदार पी.एल.नाग व पुलिस जवान पहुंचे और तिरंगे को सम्मान उतारा गया। पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों की इस तरह की लापरवाही से नाराज मीडियाकर्मी ने प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग है, किन्तु इस मामले में स्थानीय प्रशासन और पुलिस 30 घंटे बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही की सूचना नहीं है, जिससे प्रशासनिक सुस्ती साफ झलक रही है। स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण को लेकर पूरे देशवासियों में काफी उत्साह रहता है और स्कूल, कालेज से लेकर शासकीय, अर्धशासकीय और प्राईवेट संस्थानों से लेकर आमजनों के घरों में भी झंडारोहण किया जाता है। देश के सम्मान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए विशेष रूप से भारतीय ध्वजा संहिता को 26 जनवरी 2002 में संशोधन के बाद लागू किया गया है। जिसमें अब ध्वजा को सम्मानजनक स्थिति में किसी भी दिन और रात्रि में भी फहराया जा सकता है। इस संहिता में बताया गया है कि ध्वज कटाफटा या मैला न हो और खुले स्थल पर फहराया जाना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान प्रत्येक नागरिक के लिए सम्मान का विषय है लेकिन पोस्ट ऑफिस कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी ध्वजारोहण को मजाक बनाकर रख दिया और मनमाने ढंग से कार्यालय के सामने लगे टेलीफोन के खंबे में ही ध्वजारोहण कर दिया। जहाँ पूरे देश में जोरशोर से स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराया जा रहा था और सभी देशवासियों में 79वें आजादी के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर डोंगरगांव उपडाकघर जो केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण कार्यालय है और इस कार्यालय से आम से लेकर खास व्यक्ति का जुड़ाव है, ऐसे कार्यालय में ध्वजा संहिता का भी ध्यान ही नहीं रखा गया। वहीं मामले की गंभीरता देखते हुए स्थानीय प्रशासन को स्वयं कड़ी कार्यवाही कर एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, किन्तु घटना को कई घंटे बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही की जानकारी नहीं है जबकि स्थानीय मीडिया की टीम ने पोस्ट आफिस कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर करने का भी आवेदन दे दिया है।

## जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत में किया ध्वजारोहण



छुरिया (दावा)। स्वतंत्रता दिवस-2025 के पावन अवसर पर जिला पंचायत में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा प्रातः 07:30 बजे जिला पंचायत परिसर में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष महोदया, सदस्यगण, सीईओ, जिला पंचायत एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदया द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया तथा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों यथा-जल संरक्षण एवं संवर्धन, स्वच्छता एवं महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों आदि में महति भूमिका निभाते हुए क्रियान्वयन हेतु अभियान के रूप में सहभागिता की अपील किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह, जिला पंचायत के अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, सभापति शीला सिन्हा, अनीता मंडावी, एवं समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

## अग्रहरि समाज राजनांदगाँव ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अग्रहरि समाज राजनांदगाँव के पदाधिकारियों द्वारा नगर के हृदयस्थल फव्वारा चौक स्थित अग्रहरि भवन में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया।

सभी ने राष्ट्रगान के साथ जयकारे लगाए। इस अवसर पर अग्रहरि वैश्य समाज राजनांदगाँव के अध्यक्ष प्रभात अग्रहरि राजा, संरक्षक गण श्यामचरण अग्रहरि, रामकिशोर अग्रहरि बब्बन भैया, रमेश कुमार अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, सचिव अरविंद अग्रहरि, गीतेश अग्रहरि, रजत अग्रहरि, श्रीमती प्रीति अग्रहरि, श्रीमती आरती अग्रहरि, वैदिक अग्रहरि, परिधि अग्रहरि, मौसमी अग्रहरि तथा दृष्टि अग्रहरि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। स्वल्पाहार व मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर ने किया ध्वजारोहण

### गौरव स्थल में की गयी पुष्पांजलि




राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा प्रातः 7:30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊनहाल में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने 79वीं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनांए देते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर हम सब संकल्प ले कि जो जिम्मेदारी जनता ने हमको दिया है, उसको पूरी ईमानदारी से पूरा करना है। उन्होंने निगम के अधिकारियो व कर्मचारियो सहित पार्षदों तथा स्वच्छता दीदी व सफाई मित्रों को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि आप लोगो के कारण स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में जनसंख्या के आधार पर 14वॉ स्थान प्राप्त किया, जो पूर्व के सर्वेक्षण में प्राप्त 79वॉ से 64 उचाईचा तय कर प्राप्त हुआ। इसी प्रकार आप लोग कार्य करे ताकि आगामी सर्वेक्षण में टॉव 10 में जगह बना सके। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल के पहल स्वतंत्रता दिवस में संकल्प लेकर जिम्मेदारी से कार्य करे जिसका परिणाम संस्कारधारी में कार्यकाल के अंत में दिखे। महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

निगम अध्यक्ष श्री वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि हम सब मिलकर शहीदो के द्वारा किये गये कार्यो को याद कर उनके आदर्शो पर चल देश हित में काम करे। नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने भी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए देते हुए कहा कि जिस समय देश आजाद हुआ उस समय हमारे देश के नागरिको में जो जोश व उत्साह था उसी जोश व उत्साह के साथ काम कर राजनांदगांव को एक अलग दिशा दे। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि बहुत संर्घष के बाद वीर शहीदों ने हमे आजादी दिलायी, जिनकी याद में हम प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस मनाते है। उन्होंने कहा कि हम सब उन सहिदो के विचारो को याद कर उनके आदर्शो पर चले और जो स्वतंत्रता हमे मिली उस पर कायम रहकर लक्ष्य के साथ काम करें, तभी आजादी का महत्व है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजीव मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके व संजय वर्मा, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## अग्रवाल समाज ने मनाया आजादी का राष्ट्रीय पर्व



राजनांदगांव (दावा)। आजादी का राष्ट्रीय पर्व 'स्वतंत्रता दिवस' अग्रवाल समाज द्वारा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित समाजसेवी जयप्रकाश अग्रवाल ने स्थानीय अग्रसेन भवन में 15 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि देश को आजादी मिले 78 वर्ष पूरे हो गए, परंतु इसे प्राप्त करने के लिए चले अथक संघर्ष और आंदोलन में इससे भी ज्यादा लंबा समय लगा था। इस आजादी को हासिल करने के लिए देश ने बड़ी क़ीमत चुकाई। यह अवसर उन असंख्य वीर सपूतों तथा महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का है। श्री अग्रवाल ने आह्वान किया कि देश और समाज की प्रगति के लिए अब युवा पीढ़ी को सशक्त भूमिका का निर्वाह करना होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि बड़ी जद्दोजहद से मिली आजादी को बचाये रखना तथा बनाये रखना बड़ी जिम्मेदारी का काम है। स्वतंत्रता और स्वच्छंदता के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा धर्म भी राष्ट्र है, हमारा कर्म भी राष्ट्र है तथा हमारा मर्म भी राष्ट्र है। समारोह को अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सुशील पसारी तथा श्रीमती किरण अग्रवाल ने भी संबोधित किया। मास्टर गौरांश अग्रवाल ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी।

यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिसन अग्रवाल, काशी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, श्रीमती रीना अग्रवाल, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती वीणा अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सूरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल तथा तनिष्क अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। समारोह का सफल संचालन संजय अग्रवाल ने किया। अंत मे अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने आभार ज्ञापित किया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने भव्य तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी





राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आजाद चौक मोतीपुर में भव्य तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक और नगरवासियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति की भावना को नागरिकों तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए भारत माता की जयकारे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

250-7 390-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक







# यादव समाज की भव्य शोभायात्रा में जय कन्हैया लाल की रही गूंज

## भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा, राउत नृत्य, अखाड़ा आदि रहे आकर्षण के केंद्र

राजनांदगांव (दावा)। शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा शनिवार को धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल समीप स्थित सांहड़ा देव स्थल में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना पश्चात निकाली गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा की नगर में धूम रही। लगभग एक किलोमीटर लंबी विशाल श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा का नेतृत्व यादव समाज के मन्ना यादव, भोला यादव, छोटेलाल यादव, सूदेश यादव, पार्षद मनोहर यादव, शेखर यादव, बंटी यादव, राकेश यादव, रमेश यादव आदि द्वारा किया जा रहा था। शहर में दोपहर के समय निकाली गई भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा में यादव नंदन श्री कृष्ण की मनोहारी झांकी व पालकी यात्रा सहित बाल श्री कृष्ण भी लोगों के बीच आकर्षण के केंद्र बने रहे। इस दौरान जहां हत्थी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, की गूंज होती रही, वहीं जय यादव, जय माधव का उद्घोष भी नगर में गुंजायमान बना रहा। इस बीच शहर के श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पालकी की आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल अखाड़े भी आकर्षक का केंद्र रहा। अखाड़े में यादव युवाओं का अखरा प्रदर्शन व एक से बढ़कर एक करतब देखने लोगों की भीड़ रही। वहीं दूसरी ओर राउत नृत्य व सामाजिक बाजा के साथ नर्तन करते भगवान श्री कृष्ण-राधा व ग्वाल-बाल के रुप धरे कलाकारों की ओर भी लोग आकर्षित होते रहे। शोभायात्रा में शामिल यादव समाज के बड़ी संख्या में नर-नारी व अबाल-वृद्ध अपने आराध्य भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में नाचते-झूमते चल रहे थे। जिनका विभिन्न सामाजिक संस्था संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया।



जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा का जगह जगह किया स्वागत

### डॉ. रमन सिंह, मधुसूदन यादव ने किया स्वागत

जय यादव, जय माधव की गूंज के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी की भव्य शोभायात्रा स्टेशन चौक गायत्री शक्तिपीठ होते हुए भारत माता चौक व सदर लाईन पहुंची तो बसंतपुर थाने के पास भव्य मंच में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह द्वारा भगवान श्री कृष्ण शोभायात्रा की पुष्प वर्षा कर भावभीना स्वागत किया गया और समस्त सनातन धर्मियों के आराध्य भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान डॉ. सिंह के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व बड़ी संख्या में भाजपाइयों की उपस्थिति रही। इसी तरह भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा मानव मंदिर चौक पहुंचने पर नगर निगम की ओर से महापौर मधुसूदन यादव सभापति पारस वर्मा आदि सहित अन्य जनों ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान चौंक में जय यादव जय माधव की गूंज बनी रही। समाज के मन्ना यादव के नेतृत्व में शोभायात्रा का दुर्गा चौंक पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेता खूब चंद पारख व भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी ने शोभायात्रा की अगुवानी की और समाज के लोगों से मिलकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सबको बधाई दी। बता दें कि भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा का दर्शन के लिए लोग पलक-पांवड़े बिछाए रहे और जगह-जगह स्टाल लगाकर शोभा यात्रियों का स्वल्पाहार से स्वागत किया।

### विहिप व बजरंग दल ने किया शोभायात्रा का स्वागत

बाजे-गाजे के साथ नाचते झूमते निकाली श्री कृष्ण जन्माष्टमी की भव्य शोभायात्रा का विश्व हिंदू परिषद व बंजरग दल के लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मानव मंदिर चौक में भव्य मंच बनाया गया था जिसमें विहिप व बजरंग दल के अग्निहोत्री, अरुण गुप्ता, ओम बाबा, अनूप श्रीवास, त्रिगुण सादानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। बता दें कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी अवसर पर शहर में यादव बंधुओं द्वारा निकाली गई भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ रही। हिंदूओं के आराध्य भगवान श्री कृष्ण की मनोहारी झांकी को देखने लोग पलक पांवड़े बिछाए रहे और जगह-जगह स्टाल लगा कर शोभायात्रियों को स्वल्पाहार भेंट कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान लोगों का उल्लास देखते ही बनता था।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना को हमें साकार करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है - दीपक बुद्धदेव



अभिलाषा में शान से लहराया तिरंगा

राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय महापर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के अतिथि स्वरूप नगर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी रामचन्द लहरवानी, नगर के वरिष्ठ पत्रकार व दैनिक दावा के प्रधान संपादक दीपक बुद्धदेव सहित हार्डवेयर व्यापारी संघ के संरक्षक बलवीर सिंह बग्गा, अध्यक्ष राजकुमार बाफना शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व माता सरस्वती जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार पुष्प गुच्छ भेंटकर और स्वागत गान के साथ किया गया। संस्था की सचिव सीए श्रीमती रूपम सोनछात्रा द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था संचालन की जानकारी देते हुए राष्ट्रभक्ति से सराबोर गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के दिव्यांग बच्चों खेमंत, पुनेश्वरी, देविका आदि के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह को संस्था के संरक्षक गौतम पारख, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, पूर्व सचिव संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल आयुक्त भारत स्काउट गाइड, राजेश अग्रवाल संयुक्त सचिव, सुदामा मोटलानी, नियामत हुड्डा, भानुमती पिल्ले द्वारा संबोधित किया गया। समारोह के अतिथि रामचंद लहरवानी द्वारा अपने उद्बोधन में संस्था के विकास में हरसंभव अच्छे से अच्छा मदद करने की बात कही। कार्यक्रम के अतिथि दीपक बुद्धदेव द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस और अभिलाषा संस्था के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं अर्पित करते हुए, बच्चों व बड़ों से अनुरोध किया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने साथ ही, आज हर जगह व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए महाअभियान चलने की बात कही। उन्होंने अभिलाषा को अपना परिवार का अंग मानते हुए हरसंभव मदद करने की बात कही। मंचीय कार्यक्रम का रोचक संचालन संस्था के शिक्षक कुशालचंद जंघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम पश्चात्य मिष्ठान वितरण किया गया। मिष्ठान की व्यवस्था संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोददून और वरिष्ठ सदस्य अशोक अग्रवाल द्वारा किया गया। समारोह के बाद होटल रेलिस के संचालक द्वारा सभी बच्चों को अपने होटल ले जा कर स्वल्पाहार कराया। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, शिक्षक महेंद्र सिंह यादव, मालती श्रीवास्तव, आराधना थवाईत, अंजू शर्मा, नरेंद्र देवदास, नामी सिंह ठाकुर, वीरेंद्र गंधर्व, भूपेश देशलहरा, सहित समस्त स्टाफ पालकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# गुजराती स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया



गुजराती स्कूल की पूर्व छात्रा एएसपी श्रीमति गीता वाधवानी ने किया ध्वजारोहण: आपरेशन सिंदुर की प्रस्तुति ने बांधा समां

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर में 1957 से संचालित शैक्षणिक संस्था गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी श्रीमती गीता वाधवानी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एएसपी श्रीमति वाधवानी गुजराती स्कूल की पुरानी छात्रा रह चुकी है। पुराने दिनों को याद करते हुए अपने छात्र जीवन से आज तक का सफर बताते हुए बच्चों को बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में पूर्व छात्र मनीष ललवानी, ललित मूणत एवं मयंक ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही शाला में स्वतंत्रता दिवस पर आमंत्रित एवं सम्मान हेतु आभार व्यक्त किया। संस्था की सचिव सीए रूपम सोनछात्रा ने बच्चों को वास्तविक स्वतंत्रता का सही अर्थ समझाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आपरेशन सिंदुर पर भारत माता, फौजी, डॉक्टर आदि की वेशभूषा धारण कर स्वतंत्रता दिवस पर सुंदरता बिखेरी। शाला की शाला नायिका स्वीकृति धीवर ने अनेकता में एकता पर भाषण, निशा सोनकर, सिद्धि सेन, प्रियांशी घोष ने भाषण तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत पर डांस के माध्यम से एकता का संदेश दिया तथा मुख्य आकर्षण का केंद्र ऑपरेशन सिंदूर रहा। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, संस्था के सदस्यगण चंद्रिका नथवानी, सूरज बुद्धदेव, रुपेश पठारिया, शैलेश कन्हैया, गौरव ठक्कर, पीयूष पटेल, अनिल पटेल, शेखर पटेल, विपुल कन्हैया तथा शाला की प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या अर्पणा श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। मंच का संचालन शाला के शिक्षक राजेंद्र सोनी, शिक्षिका वंदना सोनकर एवं आंचल साहू ने किया। उक्त जानकारी शाला की शिक्षिका प्रियंका जाटव द्वारा दी गई।

# कल होगा कमला कॉलेज मैदान में भव्य दही लूट का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अवतार कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में दिनाँक 18 अगस्त सोमवार को कमला कालेज चौक में समय शाम 4 बजे से भव्य दही हांडी लूट का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि यह आयोजन का 15वा वर्ष है। दही हांडी में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र गोंदिया, मध्यप्रदेश, रायपुर दुर्ग सहित अंचल की कई टोली भाग लेगी। दही लूटने वाली टोली को 75,000 हजार का इनाम दिया जायेगा। मुम्बई की तर्ज पर हाईटेक मशीनरी का उपयोग कर हाईड्रा मशीन पर मटकी लटकाई जायेगी। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इस आयोजन में युवा,बच्चों और दर्शकों के थिरकने के लिए डीजे, ड्रोन कैमरा,एलईडी स्क्रीन भी लगाया जायेगा।

# आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर फहराया गया तिरंगा




श्रीराम शिक्षा कृषि महाविद्यालय में संचालक नरेन्द्र गौतम ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय राजनांदगांव में 15 अगस्त को आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर संचालक नरेंद्र गौतम द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती आभारानी साव ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देश के विकास में अपनी सहभागिता की बात कही। प्राचार्य तुकेश वर्मा ने देश के वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए विकसित भारत की संकल्पना पर ज़ोर दिया। संचालक गौतम सर ने आज़ादी का सदुपयोग पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सरिता बावंतडे द्वारा गीत की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन सहायक ग्रंथपाल श्रीमती रोशनी सिन्हा द्वारा किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. नम्रता बुलदेव द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पुलिस ने गुम नाबालिक बालिका को कुछ घंटों में किया दस्तयाब

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र की एक नाबालिग गुम बालिका को रिपोर्ट लिखाने के कुछ घंटे बाद ही बरामद कर लिया गया।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि उक्त नाबालिक को तकनीकी साधनों के आधार पर मौके से सकुशल बरामद किया गया। श्री नामदेव ने बताया कि 14 अगस्त की रात्रि करीब 10:00 बजे प्रार्थी चौकी चिखली उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पुत्री उम्र करीब 12 वर्ष की घर में बिना बताए कहीं चली गई है की रिपोर्ट पर धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित कर उनके निर्देश व मार्गदर्शन में तत्काल मौके पर गुम नाबालिक बालिका की पता-साजी हेतु टीम गठित कर रवाना किया गया एवं टीम के द्वारा सजगता पूर्वक काम करते हुए महज 06 घंटे में तकनीकी साधनों का प्रयोग करके गुम नाबालिक बालिका को सकुशल रायपुर से दस्तयाब कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुम बालिका के कथन अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। बालिका के मिलने पर बालिका के परिजनों द्वारा खुशी जाहिर करते हुये पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री नामदेव सहित महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, आदित्य सोलंकी, किशोर मार्बल एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में प्रतीक्षालय भवन का किया लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में 15 लाख रूपए की लागत से निर्मित प्रतीक्षालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सह. केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, भरत वर्मा, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, राधेश्याम गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में स्वतंत्रता दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में आजादी का पर्व पंद्रह अगस्त बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक चौधरी की उपस्थिति में एक शानदार देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। बोर्ड मेंबर त्रिलोचन सिंह बग्गा, श्री वाधवा, प्रशासक संजय बहादुर सिंह एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल बरसर आई के वैष्णव भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत झंडा फहराने से हुई, जिसके बाद भारत माता की पूजा और माल्यार्पण किया गया। इसके अलावा भगत सिंह और महात्मा गांधी को भी माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति के गीत गाए, नृत्य प्रस्तुत किया, और भाषण एवं कविता पाठ किया। इस कड़ी में इंग्लिश स्पीच में वैभवी खंडेलवाल, प्रणव खंडेलवाल, लावण्या बाफना, चिन्मय साहू ने हिंदी कविता पाठ में प्रियल सोनी, हिंदी स्पीच कृति खण्डेलवाल, शौर्यन प्रताप सिंह, भव्या देवांगन, लविश मंगवानी, कृष देवांगन ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा बच्चों ने देशभक्ति गीत में ग्रुप 1 में साकेत गढ़पाले, प्रत्युषा, आयुषी झा, अनिरुद्ध चौबे, गुरदीप, सागर देवांगन, अरनव दास, राज यादव ने व देशभक्ति गीत ग्रुप 2 में दिशा वर्मा, प्रणव खंडेलवाल सोनम शर्मा, पल जैन नंदिनी जगत, दिव्या द्विवेदी, निशा ठाकुर, सफी कुरेशी, उन्नति शर्मा, जानवी कुरेटी, कृतिका मेश्राम, सावनी मसीह, वंशिका त्रिपुडे, गीतिका, अस्मिता, ओजस्वी वर्मा ने इसी कड़ी में वंशिका चौहान, जानवी रजक स्तुति मौर्य, परिषी वर्लयानी, रिती मेश्राम, सराघ्वी शर्मा ने (ऑपरेशन सिंदूर) नृत्य नाटिका में शानदार प्रस्तुतीकरण दिया। त्रिलोचन सिंह बग्गा ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में बताया, जबकि अशोक चौधरी ने अपने संबोधन में देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अशोक चौधरी का जन्मदिन भी मनाया गया। एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने भी अपने संबोधन में आजादी के जश्न के महत्व को बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने देश के प्रति अपनी एकता और अखंडता का संकल्प लिया। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के इस कार्यक्रम ने बच्चों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर रॉयल किड्स परिवार ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# भाजपा सवैधानिक संस्थाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है- कांग्रेस



राजनांदगांव(दावा)। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी और वोट चोरी के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 'वोट चोर गद्दी छोड़' कैंडल मार्च 14 अगस्त गुरूवार को शाम 7.30 बजे मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक तक कैंडल मार्च निकालकर केन्द्र की मोदी सरकार के विरोध में नारे लगाए।-शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 14 अगस्त को मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक तक कांग्रेसजनों द्वारा कैंडल मार्च करते हुए कांग्रेसजनों द्वारा हाथ में पोस्टर लेकर वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निर्वाचन आयोग की भूमिका संदिग्ध हो गई केन्द्र की मोदी सरकार के इशारों पर चल रहा है वोट चोरी हो रहा है, आज निर्वाचन आयोग भाजपा की कठपुतली बन गई है। भाजपा द्वारा षडयंत्रपूर्वक वोट चोरी कर हेराफेरी किया जा रहा है। एक-एक व्यक्ति चार-चार वोट देकर हजारों लाखों और करोड़ वोट बढ़ गये जिसको लेकर कांग्रेसजनों द्वारा वोट चोरी गद्दी छोड़ के नारों के साथ कैंडल मार्च किया गया। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने केन्द्र की मोदी सरकार की जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को कठपुतली बनाकर काम कर रही है विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूरे देश के सामने मतदाता सूची की गड़बड़ियों को सामने बता कि विपक्ष न डरी और न डरेगी।

## अनमोल दावा

> तरक्कियों की दौड़ में उसी का जोर चल गया, बना के रास्ता जो भीड़ से निकल गया।

# पूंजी के खेल का शिकार बनता मनुष्य, हमेशा जीवित रहने की चाह

विशालकाय हाथी मैमथ को भी वापस लाने की कोशिश की जा रही है। बहुत सी लुप्त प्रजातियों की वापसी चकित करती है। क्लोनिंग के जरिए जन्मी डाली भेड़ के बारे में तो आपने सुना ही होगा। एक व्यक्ति ने लाखों डालर खर्च करके अपने मृत डागी का क्लोन बनवाया भी था। विज्ञान के जरिए ही मनुष्य चांद तक पहुंचा। अब मंगल ग्रह पर जाने की सोच रहा है।

विज्ञान की दुनिया बेशुमार चमत्कारों से भरी है, लेकिन ये चमत्कार किसी परी या बौने की जादुई छड़ी से न होकर विज्ञान आधारित नियमों के अनुसार ही होते हैं। हाल में अमेरिका में एक ऐसे बच्चे ने जन्म लिया, जिसे तीस साल पहले सुरक्षित भ्रूण से दुनिया में लाया गया है। इसे दुनिया का सबसे बूढ़ा बच्चा बताया जा रहा है। इसी तरह दुनिया से गायब वुली वोल्फ की वापसी हो चुकी है। डोडो और डायनासोर के बारे में भी कहा जा रहा है कि एक बार वे फिर धरती पर विचरेंगे।

विशालकाय हाथी मैमथ को भी वापस लाने की कोशिश की जा रही है। बहुत सी लुप्त प्रजातियों की वापसी चकित करती है। क्लोनिंग के जरिए जन्मी डाली भेड़ के बारे में तो आपने सुना ही होगा। एक व्यक्ति ने लाखों डालर खर्च करके अपने मृत डागी का क्लोन बनवाया भी था। विज्ञान के जरिए ही मनुष्य चांद तक पहुंचा। अब मंगल ग्रह पर जाने की सोच रहा है। विज्ञान ऐसी तमाम बातों को भी खोजने की कोशिश कर चुका है, जिनमें सफलता नहीं मिली। जैसे कि रसायनशास्त्र के विकास के बारे में कहा जाता है कि उसका विकास अमृत और सोने की खोज के बारे में हुआ। अमृत भारतीय मनीषा में भी बहुत जगह बनाता है। कहते हैं समुद्र मंथन के दौरान यह निकला भी था और देवताओं और दानवों में इसके अधिकार के लिए युद्ध हुआ था।

मनुष्य मृत्यु से बहुत डरता है। वह हमेशा जीवित रहना चाहता है। चिकित्सा विज्ञान ने उसे अब लंबी आयु भी प्रदान की है, लेकिन मृत्यु पर विजय अभी तक नहीं पाई जा सकी है। स्पेन के एक गांव में लोगों से कहा जाता है कि उन्हें मरना नहीं है। इसलिए वे ज्यादा से ज्यादा स्वस्थ रहें। एक ऐसी कथा भी है कि एक राजा ने अमरता का वरदान प्राप्त कर लिया था। फिर वह ऐसे स्थान पर पहुंचा,जहां लोग अमर थे। वे जीवन से ऊब चुके थे। मरना चाहते थे, लेकिन मर नहीं सकते थे। यह दुनिया विविध विचारों से भरी हुई है।

अभी पिछले दिनों खबर आई कि जर्मनी की एक बायो लैब शवों को सुरक्षित करना चाहती है, ताकि भविष्य में यदि विज्ञान का इतना विकास हो जाए कि मृत व्यक्ति को जीवित किया जा सके, तो इन्हें फिर से जीवित किया जा सकेगा। यह लैब इसके लिए दो लाख डालर लेगी। अब तक छह सौ से अधिक लोगों ने उसके यहां बुकिंग कराई है। इसे क्रायो प्रिजर्वेशन का नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया के बारे में लैब ने बताया है कि मृत्यु के बाद शरीर को बेहद ठंडे तापमान पर सुरक्षित किया जाएगा, ताकि शरीर के ऊतकों को कोई नुकसान न पहुंचे और वापस वे जीवित किए जा सकें।

बायो लैब का कहना है कि उसे व्यक्ति के इस दुनिया से जाने के बाद फौरन सूचना मिलनी चाहिए, क्योंकि इस प्रक्रिया में देरी ठीक नहीं होगी। यह दुनिया की पहली ऐसी लैब बताई जा रही है। जल्दी ही यह लैब अमेरिका में भी अपना काम शुरू करने वाली है। यह भी कहा जा रहा है कि मृत दिमाग को दोबारा से काम के योग्य बनाना असंभव है, क्योंकि दिमाग की संरचना बहुत जटिल होती है। इसे अब तक समझा नहीं जा सका है। मान लीजिए ये लोग पांच सौ साल बाद जीवित हो भी गए, तो क्या उस बदली हुई दुनिया से दोबारा तालमेल बिठा पाएंगे? बहुत साल पहले मन्मथनाथ गुप्त का एक उपन्यास पढ़ा था, जिसमें एक व्यक्ति मृत्यु के बहुत साल बाद जीवित हो जाता है। वह बदली हुई दुनिया को चकित नजर से देखता है। भारत में तमाम लोग पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। वे सोचते हैं कि मनुष्य की मृत्यु का मतलब है, पुराने कपड़ों को बदलना, क्योंकि फिर से मनुष्य जन्म लेगा। यहां तो लोग जीवन-मृत्यु के चक्र से मुक्त होने के लिए मोक्ष की कल्पना भी करते हैं, लेकिन अन्य बहुत से पंथों में लोग मानते हैं कि जीवन सिर्फ एक बार ही मिलता है। इसलिए वे लंबी उम्र तक जीना चाहते हैं। इसके लिए तरह-तरह के प्रयास करते हैं। जीवन खत्म हो जाए, तो दोबारा कैसे जीवित हों, इसकी कल्पना इसी सोच का परिणाम है। यह एक तरह से अमरता की चाहत ही है। इसीलिए कंपनियां पैसा कमाने के लिए इस सोच का फायदा उठाती हैं। कमाल यह है कि यूरोप के बहुत से देशों में इच्छा मृत्यु वैध है।

वहां ऐसे अस्पताल हैं, जहां आप चाहें तो इच्छा मृत्यु प्राप्त कर सकते हैं। आस्ट्रेलिया के एक विज्ञानी ने सौ वर्ष की उम्र में स्विट्जरलैंड में जाकर इच्छा मृत्यु प्राप्त की थी। दूसरी तरफ ऐसी कंपनियां हैं, जो शवों को सुरक्षित करना चाहती हैं। जाहिर है कि ये सब पैसा कमाने का धंधा है। पूंजी के इस खेल में अंततः शिकार मनुष्य ही बनता है। विज्ञानियों ने अपने अथक परिश्रम से हमें चांद पर पहुंचाया है, लेकिन बीच में कुछ कंपनियां मैदान में आ गई हैं। चांद पर जमीनें बेची जाने लगी हैं। बताया जाता है कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने भी चांद पर जमीन खरीदी थी और अक्सर वे उसे दूरबीन के जरिए देखते थे। दुनिया में ऐसे कई लोग होंगे, जिन्होंने चांद पर जमीन खरीदी होगी। आखिर चांद ने अपनी जमीन का मालिकाना हक किसे दिया, कब दिया, लेकिन जिसे कहते हैं न कि बस एक आइडिया को बेचना है, तो उसे सफलतापूर्वक बेच दिया गया। व्यापारियों की तिजोरियां भर गईं। अब भी भर रही होंगी। मृत्यु के बाद जीवन को बेचना भी एक ऐसा ही आइडिया है।

# एकपक्षीय सीमा शुल्क बढ़ाना अन्यायपूर्ण और अनुचित

**अवधेश कुमार**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक हम टैक्स या शुल्क का मामला सुलझा नहीं लेते तब तक भारत के साथ व्यापार वार्ता नहीं होगी। दोबारा राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप के व्यवहार में जितनी अस्थिरता और उतार चढ़ाव है उसमें आगे वे क्या करेंगे कहना कठिन है। तत्काल यह ऐसी स्थिति है जिसमें भारत को सामूहिक राष्ट्रीय भावनाओं को अभिव्यक्त करना है तो दूसरी ओर अपनी क्षमता को समझ साहस के साथ व्यावहारिक दृष्टि से सामना करते हुए रास्ता भी निकालना है।**

**ट्रंप ने पहले 25 प्रतिशत टैरिफ या आयात शुल्क लगाया जो 7 अगस्त से प्रभावी है और पुनः एक कार्यकारी आदेश पर उन्होंने हस्ताक्षर किए जिससे रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है जो 27 अगस्त से लागू होगा। इस तरह 50 प्रतिशत का यह सीमा शुल्क अमेरिका द्वारा दुनिया में किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक सीमा शुल्कों में से एक है। भारत की प्रतिक्रिया बिल्कुल स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हम अपने किसानों और डेयरी क्षेत्र में लगे लोगों की हर कीमत पर रक्षा करेंगे और इसमें हमको निजी क्षति भी उठानी पड़ेगी। किसी व्यापारिक साझेदार देश के विरुद्ध बगैर किसी अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन के एकपक्षीय सीमा शुल्क बढ़ाना यानी जुर्माना लगाना अंतरराष्ट्रीय मानकों के विपरीत है।**



यह अन्यायपूर्ण और अनुचित दोनों है। हम यह भी मानते हैं कि अमेरिका के साथ सीमा शुल्क बढ़ने से भारत नष्ट नहीं हो जाएगा और दुनिया में उसके लिए निर्यात के रास्ते बंद नहीं होंगे। अमेरिका के उत्पादकों के लिए भी इतना बड़ा बाजार छोड़ना आसान नहीं होगा कि पूरी तरह व्यापारिक रिश्ते ही समाप्त हो जाए। किंतु यह तर्क भी व्यावहारिक दृष्टि से गले नहीं उतरता कि 1971 में अमेरिका ने सातवां बेड़ा भेज दिया हमने फिर भी बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में सफलता प्राप्त की या अमेरिका ने अकाल के समय मदद नहीं दिया या भारत के परमाणु विस्फोट के बाद प्रतिबंध लगा दिया, क्रायोजेनिक इंजन नहीं दिया फिर भी हम एक राष्ट्र के नाते आज दुनिया के शीर्ष देश की श्रेणी में खड़ा होने की स्थिति में हैं।

वास्तव में ये बातें तब की हैं जब भारत के लिए निर्यातक देश होने की कल्पना कठिन थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का कुल निर्यात 821 अरब डालर था। इनमें 437.42 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात और 383.51 अरब डॉलर का सेवा निर्यात शामिल है। इसमें सबसे ज्यादा अमेरिका को 88 अरब डॉलर निर्यात किया गया था। भारत के कुल निर्यात में अकेले अमेरिका की हिस्सेदारी 23त्न है। भारत के लिए इतने व्यापार अधिशेष यानी व्यापारिक लाभ वाला अमेरिका ऐसा अकेला देश है। अमेरिका के बढ़े सीमा शुल्क का असर भारत के अमेरिका को होने वाले 50-55 त्न निर्यात पर पड़ेगा। इससे वस्तु निर्यात में गिरावट की संभावना है। भारतीय माल जब अमेरिका में 30-35 प्रतिशत महंगा होगा तो समस्या आएगी। इसकी तत्काल भरपाई संभव नहीं। इसका असर विकास पर कितना होगा इसे लेकर अलग-अलग आकलन है।

एक व्यवहारिक आकलन यही है कि विकास दर में .4 प्रतिशत की कमी आ सकती है। यही नहीं कपड़ा और परिधान क्षेत्र में 17 लाख, अपैरल में 13 लाख, रसायन और रसायन उत्पादन क्षेत्र में 10 लाख , चमड़ा क्षेत्र में चार लाख तथा रत्न एवं आभूषण में तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। इसके अलावा इनमें परोक्ष रोजगार प्राप्त करने वालों की संख्या भी बहुत बड़ी है। तो एक बड़े भाग के रोजगार पर असर पड़ सकता है। अमेरिका की रिटेल कंपनियां अमेजॉन, वॉलमार्ट , टारगेट और गैप ने भारतीय निर्यातकों को अगले आदेश तक शिपमेंट रोकने को कहा है। व्यावहारिक स्तर पर इसका अनेक क्षेत्रों में नुकसान होगा जिसमें सर्वप्रमुख है कपड़ा और परिधान। अमेरिका भारत के कपड़ा और परिधान का सबसे बड़ा ग्राहक है। भारत द्विपक्षीय व्यापार वार्ता द्वारा इसे सुलझाने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी मांगों को स्वीकार करना या उनके दबाव के आधार पर निर्णय करना भारत के लिए न संभव था और न व्यावहारिक ही होता। कृषि और डेयरी उत्पादों में अमेरिका अपने किसानों को जबरदस्त सब्सिडी देता है जिस कारण उनके उत्पाद सस्ते होते हैं। दूसरे, अमेरिका अपने गायों को चारा में मांसाहार भी कराता है जबकि भारत में दूध और उसके सारे उत्पादन निरामिष और वैष्णव भजन की श्रेणी में आते हैं।

यह ऐसा संस्कृतिक अंतर है जिसे किसी सूरत में पाटा ही नहीं जा सकता। भारत में जीएम फूड और बीज का उपयोग नहीं किया जा सकता जबकि अमेरिका इसके लिए दबाव डाल रहा है। कृषि क्षेत्र के बाजार को अमेरिकी कल्पना के अनुरूप खोला ही नहीं जा सकता। रूस से तेल खरीदने का विषय भी जटिल है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने में कर रहा है और यही पैसा रूस अपने हथियारों के लिए इस्तेमाल करता है। अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो उसे 1.2 अरब डॉलर का अतिरिक्त आयात बिल चुकाना पड़ेगा।

2022 से रूसी तेल की खरीद में काफी वृद्धि हुई। आज भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 35.01त्न है। हालांकि भारत ने धीरे-धीरे रूसी तेल आयात में कमी लाई है क्योंकि 2022 में अमेरिका और यूरोप द्वारा रूसी तेल मूल्य पर कैप लगाने से भारत को काफी मुनाफा हुआ। अमेरिका के अंदर ट्रंप की इस नीति के विरुद्ध कई स्तरों पर आवाज उठ रहे हैं। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्य ग्रेगडी मिक्स ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ युद्ध ने अमेरिका भारत साझेदारी को मजबूत बनाने के वर्षों में किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बौल्टन ने लिखा है कि चीन के मुकाबले भारत पर कठोर व्यापार शुल्क लगाना ट्रंप की बड़ी भूल है। मित्र और दुश्मन दोनों पर समान रूप से शुल्क लगाकर अमेरिका ने दशकों में बनी भरोसे की पूंजी कमाई है। सीमा शुल्क बढ़ने से उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद महंगे होंगे और अनेक क्षेत्रों में नौकरियां जानें आदि की समस्याएं पैदा हो रही है। भारत दबाव में आने वाला देश नहीं है और इससे हमें कोई लाभ भी नहीं होने वाला।

(लेख में विचार निजी हैं)

## विचार सरिता

# लघु उपन्यास यशस्विनी : अध्याय 13 कुंडलिनी जागरण का रहस्यमय क्षेत्र : साधना में हम चलें साथ-साथ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रोहित और यशस्विनी में योग के विभिन्न चक्रों और नाड़ियों के संबंध में चर्चा हो रही है।

- यह तो आपने अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी दी थी लेकिन हम इन्हें पहचानेंगे कैसे और महसूस कैसे करेंगे?

- देखिए रोहित, शरीर की हजारों नाड़ीयों में से तीन नाड़ियां ही मुख्य होती हैं, जिनके बारे में आपने भी प्रश्न पूछा है इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना।

- तो इन तीनों की उपस्थिति शरीर में कहां रहती है?

- इड़ा नाड़ी को चंद्र नाड़ी भी कहते हैं। यह शीतलता और चित्त को अंतर्मुखी करने वाली है।इसका उद्गम मूलाधार चक्र माना जाता है और मेरुदंड के निचले भाग के बाईं ओर स्थित होती है। वही पिंगला नाड़ी सूर्य नाड़ी है जो धनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। यह शरीर में जोश और चेतना का संचार कर व्यक्ति को बहिर्मुखी बनाती है। यह मूलाधार अर्थात मेरुदंड के निचले हिस्से के दाहिने भाग में होती है।

- तो हमने योग के कई वर्णनों में सुषुम्ना के बारे में सुना है यशस्विनी जी। इस सुषुम्ना की उपस्थिति कहां होती है?

- देखिए रोहित यही सुषुम्ना नाड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी के माध्यम से शरीर में ऊर्जा का प्रमुख रूप से परिवहन होता है यह मूलाधार से प्रारंभ होकर सिर के सर्वोच्च स्थान सहस्त्रार तक आती है इसीलिए यह नाड़ी सभी चक्रों से होकर गुजरती है और अत्यंत महत्वपूर्ण है।

- क्या सहस्त्रार नाड़ी को जाग्रत करना अत्यंत कठिन है?

- रोहित, कठिन तो कुछ भी नहीं लेकिन हां कड़ी साधना और अभ्यास तो अवश्य चाहिए. आप इड़ा को इस तरह पहचानेंगे जब हमारी बाईं नाक के छिद्र से सांस आती है और.. जब हमारी दाएं ओर के नासिका छिद्र से सांस आती है तब पिंगला नाड़ी चल रही होती है. अगर यह दोनों नाड़ियाँ संतुलित हैं, तभी हमारा शरीर पूर्ण रूप से स्वस्थ माना जाता है। प्रायः इन दोनों नाड़ियों की गति में ही हम जीवन गुजार देते हैं और मनुष्यों की सुषुम्ना नाड़ी प्रायः निष्क्रिय ही रह जाती है। अगर यह सक्रिय हो जाए तो मनुष्य आध्यात्मिक रूप से सफल होने लगता है।

- यशस्विनी जी, तो क्या यह सुषुम्ना नाड़ी भी मूलाधार चक्र से निकलती है?

- हां रोहित, यह तीनों नाड़ियाँ यहां से निकलती हैं और आज्ञा चक्र में जाकर इस तरह मिल जाती हैं जैसे त्रिवेणी संगम होता है।पर यह उच्च कोटि की साधना से ही संभव है।

-हम इस बात का पता कैसे लगा लें कि हमारी सुषुम्ना नाड़ी चल रही है?

- अरे रोहित जी जिस तरह आपने इड़ा और पिंगला नाड़ीयों के चलने को क्रमशः बाएं और दाएं श्वांस के चलने से पहचाना था, वैसे ही अगर श्वांस दोनों छिद्रों से आ रही है तो सुषुम्ना नाड़ी चल रही है, यह आप जान लीजिए।

- यशस्विनी जी,यहीं कहीं मैंने कुंडलिनी के बारे में भी सुना था।

- रोहित आपने ठीक सुना था. कुंडलिनी या शरीर की सर्वोच्च संवेदना शक्ति जो कुंडली का रूप लिए होती है वह भी इसी मेरुदंड के रास्ते चलती है। इड़ा और पिंगला दोनों नाड़ियाँ इसी तरह शरीर के ऊपरी चक्रों तक सर्पिलाकार गतिमान होती हैं और इनमें संतुलन स्थापित करने का कार्य करती हैं। सीधी रेखा दंड सदृश सुषुम्ना नाड़ी दोनों नाड़ीयों की सर्पिल कुंडलियों में संतुलन साधती हुई सहस्त्रार तक पहुंचती है।

- अब मुझे समझ में आ रहा है यशस्विनी जी कि कुंडलिनी शक्ति मूलाधार चक्र में साधारणतया सुषुप्त अवस्था में होती है और यह साधना के माध्यम से सक्रिय होकर सहस्त्रार चक्र तक पहुंचती है। न जाने यशस्विनी जी वह दिन कब आएगा जब मैं कुंडलिनी जागरण में समर्थ हो जाऊंगा और अपने प्राणों के स्पंदन को सहस्त्रार में महसूस करूंगा जहां चारों और आनंद होगा. शांति होगी दिव्यता होगी।बांके बिहारी जी होंगे और उनका दिव्य वृंदावन लोक होगा.. जहां कोई भेदभाव नहीं होगा। मैं पूरी तरह से उस आनंदलोक में बांके बिहारी जी से तादात्म्य की स्थिति में रहूंगा जहां के लिए आप ही कहा करती हैं ना कि व्यक्ति को खुद की सुध-बुध नहीं रहती. अहा! कितना अद्भुत होगा वह लोक?

- आप सच कहते हैं रोहित जी उस अवस्था तक तो मैं भी नहीं पहुंच पाई हूं.. वैसे इसके लिए भी बांके बिहारी जी की कृपा अवश्य चाहिएज.. वहां पहुंचना और उस महा आनंद में डूबना मेरा भी सपना है. हां मुझे यह तो ज्ञात है कि योग, ध्यान और प्राणायाम के निरंतर अभ्यास से इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना के संगम से कुंडलिनी शक्ति का जागरण होता है।हमारे प्राण अधोगति के बदले ऊर्ध्व गति को प्राप्त होते हैं।

- क्या आप मेरा मार्गदर्शन करेंगी यशस्विनी जी?...... क्योंकि कुंडलिनी शक्ति का जागरण भी शरीर में एक झंझावात की तरह होता है... ऐसा मैंने आकलन किया है.. श्वास की गति पर नियंत्रण और ओम का जाप करते-करते अनायास अगर मैं उस अवस्था पर पहुंच गया तो मुझे संभालेगा कौन?

- अगर मैं समर्थ होंउंगी तो अवश्य मदद करूंगी रोहित. आप ठीक कहते हैं। योग और प्राणायाम के अभ्यास से इन चक्रों को ऊर्जा और उत्तेजना मिलेगी।ये सक्रिय होंगे और कुंडलिनी जागरण अर्थात इड़ा, पिंगला नाड़ियां, सुषुम्ना नाड़ी के आधार संतुलन से आज्ञा चक्र में भेंट करेंगी तो एक उच्च स्तरीय आध्यात्मिक भाव भूमि में हम पहुंच जाएंगे।

-यशस्विनी क्या यह वह क्षेत्र है जहां रीढ़ की हड्डी का ऊपरी भाग होता है और मस्तिष्क का क्षेत्र प्रारंभ होता है?

- हां रोहित यहीं आकर एक दिव्य प्रकाश की अनुभूति होती है।

- समझ गया यशस्विनी, इसीलिए इस सुषुम्ना नाड़ी को पुल भी कहा गया है जो एक सर्किल चक्र का निर्माण करती हुई रीढ़ की हड्डी के निचले सिरे से होकर ऊपरी सिरे तक पहुंचती हुई मस्तिष्क के सिरे से जुड़ती है। सारे चक्र भी सुषुम्ना में ही विद्यमान होते हैं और श्वास-प्रश्वास की गति, ध्यान व प्राणायाम के माध्यम से यह सुषुम्ना नाड़ी सक्रिय होती है।यही योग का मार्ग है।

- अब रात बहुत हो गई है योगाचार्य जी, आप सो जाइएज. अब मैं सोच रही हूं कि अगली कक्षा और योग सत्र का संचालन आप ही करेंज. ऐसा कहती हुई यशस्विनी खिलखिला कर हंस पड़ी।

घबराते हुए रोहित ने कहा-अरे.. अरे.. ये क्या कह रही हैं यशस्विनी जी? यह मेरे वश की बात नहीं है... कम से कम अभी तो बिल्कुल नहींज.

रोहित से फोन वार्ता समाप्त होने के बाद यशस्विनी सोने के लिए बिस्तर पर आ गई लेकिन उसका ध्यान बार-बार रोहित से हुए इस विस्तृत संवाद पर अटका रहाज. तो सहस्त्रार चक्र पर जब मैं पहुंच जाऊंगी तो वहां मेरे आराध्य श्री कृष्ण होंगे.. कभी-कभी मुझे लगता कि क्या मुझे वहां तक पहुंचने में रोहित की सहायता लेनी पड़ेगी. वह मेरी योग साधनाओं में भी अपनी पवित्रता और एक संवेदनशील और भावुक सच्ची आत्मा का स्वामी होने के कारण सहायता दे सकता है..

(क्रमशः)

(कृपया योग साधना के विभिन्न चक्रों का योग्य गुरु की उपस्थिति में ही अभ्यास करें।)

## सामयिक चर्चा

### बानी की झुझलाहट

बानी बोले- ''गजाधर!
मैं अखबार में पूरे पेज का
सरकारी विज्ञापन पढ़ रहा था।
और मन ही मन
अपना भविष्य भी गढ़ रहा था।
सुनिए विज्ञापन- ''हर घर तिरंगा
पंद्रह अगस्त 2025
स्वतंत्रता दिवस
समस्त छत्तीसगढ़वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की.....।''
बानी बाबू की एकाएक
चुप देखकर, बोल उठे गजाधर -
''अरे एकदम चुप क्यो हो गये''
उसके बाद तुमने क्या बात पढ़ी?
तुम्हारी जुबान, अचानक कही खो गई?''
बानी ने कहा झुझलाकर -
''आगे कैसे पढ़ता,
बिजली तो फट से बंद हो गई।



**-गिरीश बख्शी**




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका मन धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा, जिससे मन प्रसन्न होगा। आज आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी और आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। आज आप अपने बच्चों को मनोरंजन के लिए बाहर घूमाने ले जा सकते हैं।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। आज किसी काम के लिये की गई आपकी मेहनत रंग लायेगी जिससे आपको प्रसन्नता होगी। आज कार्यस्थल पर हर व्यक्ति आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा और आपको काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आज आपको व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जिसकी बातों से आपके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख्स कल आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा। आज ऑफिस में आपका अच्छा काम देखकर कलीग आपसे कुछ नया सीखेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज व्यापार में बड़ा धन लाभ होने से आप अपनी नयी ब्रांच ओपन करने का विचार घरवालों के साथ साझा करेंगे। आज आप ऑफिस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जीवनसाथी का सहयोग ले सकते हैं। आज प्रैक्टिकल सोच और आपके संतुलित रवैये से आपको फायदा होगा ।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके ड्रेसिंग सेंस के बारे में तारीफ होगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज समाज में आपके अच्छे कामों की वजह से आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आप अपनी आय और व्यय के लिए एक बजट बनाकर चलें, तो आप आगे की योजनाओं को सफल बना पायेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आप जिस काम को काफी दिनों से करने की सोच रहे थे उस काम की शुरुआत आज से कर सकते हैं। जल्द ही आपको काम के अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में कुछ बदलाव कर सकते हैं आप अपनी मेहनत जारी रखें आपको जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला**
आज व्यवसाय में आपको फायदा होगा। आज ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी। आज कोर्ट- कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। आज शाम तक आपको शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। आज आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज बिजनेस में कुछ बदलाव होने के योग बन रहे हैं , ये बदलाव आपके फेवर में रहेंगे। आज आपको जीवनसाथी से महंगा उपहार प्राप्त हो सकता है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा और आप परिवार के साथ किसी मंदिर में दर्शन करने जायेंगे। इस राशि के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है, किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आज आप किसी दोस्त से मिलने उसके घर जा सकते हैं, जिससे उसे बहुत खुशी मिलेगी। आज आप नए व्यक्तियों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको काम में पैरेंट्स की हेल्प मिलने से वह जल्दी ही पूरा होगा। आज आप सबके साथ बैठकर खुलकर बात करेंगे, इससे रिश्तों में अपनापन बना रहेगा। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे, जिससे काम में भी मन लगा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन आज अच्छा रहेगा।

**मीन**
आज आपका दिन रोज की अपेक्षा लाभ देने वाला रहेगा। आज आपकी मुलाकात आपके बचपन के मित्र से होंगी, जिससे बचपन की यादें ताज़ा हो जाएगी। आज आपका पेंडिंग वर्क पूरा हो जायेगा, जिससे आपको सुकून मिलेगा। आज आपको शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवार में सुख शान्ति बनी रहेगी।

# केसीजी पुलिस ने पार्सल बम साजिश का भंडाफोड़ किया, स्पीकर में छिपा 2 किलो आईईडी बरामद, सात आरोपी गिरफ्तार; विस्फोटक आपूर्ति नेटवर्क का पर्दाफाश



गंडई/खैरागढ़ (दावा)। पार्सल बस का भांडाफोड, खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक घातक पार्सल बम साज़िश का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने स्पीकर में छिपा 2 किलो का इम्प्रूवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया और सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला उस समय उजागर हुआ जब एक संदिग्ध गिफ्ट-रैप्ड पार्सल, जिस पर फर्जी इंडिया पोस्ट का लोगों और विस्तृत पता अंकित था, गंडई के एक दुकान पर डिलीवर हुआ।

पार्सल मानपुर, नर्मदा थाना गंडई निवासी अफसार खान के नाम से आया था। प्राप्तकर्ता ने पार्सल को संदिग्ध मानते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए पार्सल को सुरक्षित किया और बम स्क्वॉड की मदद से जाँच की। जाँच में पाया गया कि पार्सल में एक ब्रांड-न्यू स्पीकर में छिपा 2 किलो आईईडी रखा गया है। तकनीकी परीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि यह विस्फोटक तब तक सक्रिय नहीं होता जब तक उसे बिजली के स्रोत से जोड़ा न जाए, किंतु जैसे ही स्पीकर को प्लग-इन किया जाता, करंट डिटोनेटर तक पहुँचकर विस्फोट करता। जेलाटिन स्टिक को मुख्य विस्फोटक के रूप में प्रयोग किया गया था, डिटोनेटर स्पीकर की वायरिंग से जोड़ा गया था, और स्पीकर का बाहरी आवरण विस्फोट के बाद घातक छर्रों में बदल जाता।

0 गंडई में एक संदिग्ध गिफ्ट पैक्ड पार्सल से 2 किलो विस्फोटक बरामद, स्पीकर के अंदर छिपाया
0 पार्सल पर फर्जी इंडिया पोस्ट लोगों व पता लगाया गया था
0 पुलिस जांच में मामला हत्या की साजिश व अवैध विस्फोटक सप्लाई नेटवर्क से जुड़ा पाया गया
0 कुल 7 आरोपी गिरफ्तार, आईईडी बनाने वाला, सहयोगी, फाइनेंस करने वाला, सप्लायर और फर्जी लोगों बनाने वाला शामिल

### जाँच में आया सामने

आरोपी विनय वर्मा ने ऑनलाइन ट्यूटोरियल देखकर यह आईईडी तैयार किया। षड्यंत्र में एक तरफ अफसार खान की हत्या का मकसद था और दूसरी तरफ दुर्ग जिले की एक पत्थर खदान से अवैध रूप से सिफ्रेन किए गए विस्फोटकों की आपूर्ति श्रृंखला का इस्तेमाल हुआ।

पता चला कि परमेश्वर वर्मा ने जेलाटिन की खरीद के लिए नकद रूपये 6,000 दिए, विनय वर्मा ने आईईडी तैयार कर पार्सल डिलीवर किया। गोपाल वर्मा ने डिलीवरी में मदद की, खिलेश वर्मा ने फर्जी इंडिया पोस्ट लोगों और पता बनाया। जबकि घासीराम वर्मा ने आपूर्तिकर्ताओं गोपाल सतनामी और दिलीप धीमर से जेलाटिन पहुँचाया। आपूर्तिकर्ताओं के ठिकानों पर छापे में 60 जेलाटिन स्टिक और 2 डिटोनेटर बरामद किए गए, जिससे विस्फोटक नेटवर्क का सीधा संबंध उजागर हुआ।

यह कार्रवाई न केवल एक नियोजित हत्या को टालने में सफल रही, बल्कि क्षेत्र में अवैध विस्फोटक आपूर्ति की गंभीर श्रृंखला का भी पर्दाफाश किया। मामला एफ आईआर क्रमांक 277/2025 थाना गंडई में पंजीबद्ध किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम विनय वर्मा, पिता गुपेन्द्र वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी कुसमी, थाना खैरागढ़, जिला केसीजी। परमेश्वर वर्मा, पिता जीवन वर्मा, उम्र 25 वर्ष, निवासी चीचा, थाना लिटिया, जिला दुर्ग। गोपाल वर्मा, पिता महासिंग वर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी कुसमी, थाना खैरागढ़, जिला केसीजी। घासीराम वर्मा, पिता लक्ष्मणलाल वर्मा, उम्र 46 वर्ष, निवासी केसला, थाना खैरागढ़, जिला केसीजी। दिलीप धिमर पिता सुदामा धिमर उम्र 38 वर्ष, निवासी मात्रा, थाना नंदिनी नगर अहिवारा, जिला दुर्ग। गोपाल खेलवार उर्फ गोपाल खेलवार, पिता संतोष खेलवार, निवासी पथरिया, थाना नंदिनी नगर अहिवारा, जिला दुर्ग। खिलेश पिता प्रहलाद वर्मा, उम्र 19 वर्ष, निवासी बाज़ार अतरिया, थाना खैरागढ़, जिला केसीजी।

### बरामद सामग्री

2किलो आईईडी (स्पीकर में छिपा हुआ), 60 जेलाटिन स्टिक, 2 डिटोनेटर, फर्जी इंडिया पोस्ट लोगों और पता लिखी हुई सामग्री। सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता विस्फोटक अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जाएगी जो अवैध रूप से विस्फोटक के व्यापार और डायवर्जन में संलिप्त पाए जाएंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी देश एवं छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक आदर्श-विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज वर्धमान नगर राजनांदगांव में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अटल परिसर लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वर्धमान नगर राजनांदगांव में 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने अटल परिसर में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ निर्माण किया है। वे देश और छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक आदर्श है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक अद्भूत कवि, चिंतक, विचारक, राष्ट्रभक्त एवं राजनैतिक क्षेत्र में राजनेता के रूप में विख्यात रहे हैं और विश्व मानसपटल पर 50 वर्षों में लगातार ग्राफ बढ़ता रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के राजनैतिक जीवन के सफर का स्मरण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आजीवन सक्रिय रहते हुए, उन्होंने राष्ट्रहित के लिए कार्य किया तथा देश के विकास में अपना योगदान दिया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा बहुत कम समय में एक शानदार अटल परिसर का निर्माण किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एक श्रेष्ठ राजनेता, एक अच्छे कवि, लेखक, संपादक थे। जिसके कारण उनको भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने पोखरण में परमाणु परीक्षण कराकर भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाया। जिसके कारण वे हमेशा याद किए जाते रहेंगे।

महापौर मधुसूदन यादव ने प्रदेश के सभी निकायों में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया है। उनकी स्मृति में राजनांदगांव नगरीय निकाय क्षेत्र में सभी के सहयोग एवं सहभागिता से बहुत अच्छा अटल परिसर का निर्माण हुआ है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, पूर्व विधायक रामजी भारती, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### वन विभाग में शान से लहराया तिरंगा



साल्हेवारा (दावा)। वन विभाग कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया, जिसमें विभाग प्रमुख रेंजर दिलीप बंजारे, डिप्टी रेंजर गौतम मंडावी, वर्मा साहब, विश्राम मंडावी, अरुण यादव तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत सहसपुर के सरपंच जीवन झारिया ने किया ध्वजारोहण



साल्हेवारा (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सहसपुर के पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया जिसमें सरपंच जीवन झारिया, उपसरपंच धन सिंह, सचिव नंदु वर्मा, सहायक सचिव रेखा जंघेल तथा पंच गण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आज मुढ़ीपार में डीजे की धुन में दो जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता

डोंगरगढ़(दावा)। खैरागढ़ ब्लाक के सबसे बड़े ग्राम मुढ़ीपार में आज रविवार को भव्य दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वही इस वर्ष बाजार चौक में दो जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें अलग अलग भव्य पुरुस्कार रखा गया है। तय कार्यक्रम के दुर्गा मंदिर के पास 351 रु प्रवेश शुल्क के साथ 11 हजार एक सौ ग्यारह रु. पुरुस्कार रखा गया है। दुसरे स्थान का प्रतियोगिता रंग मंच मैदान में 251 रु. प्रवेश शुल्क के साथ 10 हजार एक रु. रखा गया है। यह जानकारी टाकेश्वर यादव, देवराज सेन, नागेन्द्र सिन्हा, विकास ठाकुर, गज्जू साहू ने दी।

### आदर्श नगर हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में आरोपी अजय जैन को मिली 3 साल की सजा

डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक-05.07.2024 को थाना डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोपी अजय जैन पिता सुरेश उम्र 36 साल द्वारा आदर्श नगर घर निवास स्थल में अवैध रूप से प्रवेश कर घटना अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी अजय जैन के द्वारा मकान का ताला एवं घर अंदर आलमारी का लॉकर तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम सहित कुल 9,50,000 रू. चोरी कर ले गये थे जिसका प्रकरण की सुनवाई न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी डोंगरगढ़ में हुई जिसमें आरोपी को 3 साल की सजा सुनाई गई है।

### कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कलेक्टर कार्यालय व निवास में किया ध्वजारोहण



मोहला (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्टर कार्यालय व निवास में ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चन्द्राकर, एडीएम जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर दुकालू राम ध्रुव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में जिपं सीईओ सुरुचि सिंह की टीम हुई सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों, जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा नवाचार कार्यक्रमों में महती भूमिका निभाने एवं उल्लेखनीय कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के एपीओ सोमनाथ साहू एवं फैज मेमन, पीपीआईए फेलो अमित परिहार, सहायक ग्रेड-तीन सुश्री पुष्पा ध्रुवंशी एवं ग्राम पंचायत बरगा के सरपंच को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# गोविन्दा उत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट



डोंगरगढ़(दावा)।गोविन्दा उत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। दही लुट कार्यक्रम के दौरान 200 सौ से अधिक पुलिस एवं आईबीपी के जावानों की पैनी नजर रहेंगी। ड्रोन कैमरे से के माध्यम से भी नजर रखी जाएंगी। भीड़ के दबाव से बचने के लिये वाहन पार्किंग के लिये विभिन्न जगहों को चिन्हाकित किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 17.08.2025 के डोंगरगढ़ गोविन्दा त्यौहार उत्सव को लेकर पुलिस द्वारा आम जनता शांति एंव सौहार्द्रपूर्ण से गोविन्दा उत्सव मना सके इसे ध्यान में रखते हुये शहर के हर चौक चौराहे में फिक्स पाईट, पेट्रोलिंग पार्टी, हर समिति में पुलिस जवान की ड्यूटी, सादी वर्दी में ड्यूटी मिलाकर करीबन 200 से अधिक पुलिस एवं आईटीबीपी के अधिकारी/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही ड्रोन कैमरे से पुरे कार्यक्रम दौरान नजरी रखी जायेगी।

○ 200 सौ से अधिक पुलिस एवं आईबीपी के जावानों की रहेगी नजर ड्रोन कैमरे से भी रखी जायेगी नजर
○ भीड़ के दबाव से बचने के लिये वाहन पार्किंग के लिये जगहों को किया गया है चिन्हाकित

किसी असामाजिक तत्व द्वारा कार्यक्रम दौरान शांति भंग करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। शहर के अन्दर भीड़ से बचने के लिये छोटी-बड़ी वाहन का शहर के अन्दर 17.8.2025 के शाम 17.00 बजे से प्रवेश वर्जित रहेगा। वाहन पार्किंग के लिये थाना के सामने, जनपद कार्यालय के सामने, बस स्टैण्ड एवं जय स्तंभ चौक के पास खाली जगह को चिन्हाकिंत किया गया है। भीड़ से बचने के लिये चिन्हाकिंत पार्किंग में ही वाहन खड़ी करने की आमजन से अपील की जाती हैं। साथ ही सभी गोविन्दा उत्सव समितियों एवं आमजन से पुलिस प्रशासन द्वारा कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति कोई संदिग्ध वस्तु जैसे-चाकू, तलवार अन्य वर्जित वस्तु के साथ दिखता है तो उसकी सूचना तत्काल एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम 94791-92107 थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उपेन्द्र कुमार शाह 94791-92111 के मोबाईल नबंरों पर देवे।

# प्रेस क्लब डोंगरगांव में प्रथम बार लहराया तिरंगा



### डिजिटल लाइब्रेरी के विद्यार्थी ने बनाया आकर्षक रंगोली

डोंगरगांव (दावा)। आजादी के पर्व पर प्रेस क्लब डोंगरगांव में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के पहले भारत माता के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर विधिवत ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद प्रेस क्लब के कुछ सदस्यों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया, वहीं उपस्थिति विद्यार्थियों ने अपनी खुशी प्रेस क्लब परिसर पर रंगोली उकेर कर जाहिर की।

इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा, अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, दिवाकर सोनी, रज्जा राणा, गोविंद गुप्ता, महेंद्र लेंझारे, घनश्याम साव, टिंकू देवांगन, टूम्मन साहू, देवेन्द्र गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, जिम के संचालक संतोष सागर वर्मा, सोनी कम्प्यूटर के संचालक गिरीश सोनी के साथ ही लाइब्रेरी में अध्यनरत विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मिष्ठान आदि का वितरण किया गया और संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा, अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी ने प्रेस क्लब द्वारा संचालित निःशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेने और तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को आसानी से सुविधा उपलब्ध कराने लिये हमारा प्रयास है। हम सभी पत्रकारों मंशा है कि इस डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग कर इस क्षेत्र के बच्चे अपना मुकाम हासिल करें।

# केसीजी पुलिस टीम द्वारा बाईक रैली के माध्यम से निकाली गई तिरंगा यात्रा



0 तिरंगा यात्रा में पुलिस अधीक्षक जिला के.सी.जी के नेतृत्व में 50 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी हुए शामिल
0 बाईक रैली के रूप में तिरंगा यात्रा खैरागढ़ से प्रारंभ होकर छुईखदान में हुई सम्पन्न

खैरागढ़ (दावा)। राजा फतेह सिंह मैदान यातायात कार्यालय खैरागढ़ से केसीजी पुलिस के द्वारा गुरुवार 14 अगस्त को बाईक रैली के रूप में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा बाइक रैली का नेतृत्व केसीजी पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा कर रहे थे।

रैली का उद्देश्य लोगो मे देशभक्ति का जज्बा जागृत कर राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव को बढ़ावा देना था। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए विशेष रूप से हेलमेट पहनने के लिए लोगो को प्रेरित करना था। बाईक रैली खैरागढ़ के हास्पिटल चौक, गोलबाजार, बक्शी मार्ग, इतवारी बाजार,मेन रोड होते हुए जयस्तंभ चौक, नयाबस स्टैंड, कलेक्टर कार्यालय, एपी कार्यालय के सामने से, पिपरिया वार्ड होते हुए शहर के मुख्य चौक चौराहों से होते हुये छुईखदान पहुची।

उसके पश्चात नगर भ्रमण करते हुए थाना छुईखदान में समाप्त हुई। बाइक रैली में 50 से अधिक पुलिस अधिकारी /कर्मचारी अपनी मोटर साईकल के साथ सम्मिलित हुये।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में स्वतंत्रता दिवस पर अनेक आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए उनसे देश के पूर्वजों के सपनों को कड़े परिश्रम से साकार करने का आह्वान किया। विद्यालय के माध्यमिक तथा प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों अनुश्री सिंह, रुद्रप्रिया शुक्ला, तेजस्विनी वर्मा, एंजलिना चौरे और दिव्यांश कश्यप ने अपनी कविताओं तथा हिंदी और अंग्रेजी में अपने उद्बोधन एवं गीत के माध्यम से देशभक्ति की भावना को मंच पर जीवंत किया। झंडा गीत, बालवाटिका के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्तिपूर्ण समूह गीत और समूह नृत्य की मोहक प्रस्तुति ने सभी को अत्यंत प्रभावित किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अंबरीष शुक्ल ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन किया। शिक्षिका सुश्री गीतांजलि एवं सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों वैष्णवी सिन्हा एवं तनिष्का साहू ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

# अशोका आईटीआई में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रमुख अशोका प्राइवेट आईटीआई मे 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्री गजानन शिक्षा समिति द्वारा संचालित अशोका आई टी आई* में प्रातः 8 बजे समिति के सचिव कमल नारायण चंद्राकर सह सचिव शैलेश श्रीवास्तव द्वारा भगवान गणेश एवं माता सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात महाविधालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात वहाँ उपस्थित विधार्थीगण, अशोका आईटीआई के शिक्षकों एवं महाविद्यालय प्रबंधन के सदस्यों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। राष्ट्रगान के पश्चात पूरा महाविद्यालय प्रांगण 'वंदे मातरम' एवं 'भारत माता की जय' जैसे नारो से गूंज उठा। समारोह की अगली कड़ी मे अध्यनरत विधार्थी समूहों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की नयनाभिराम प्रस्तुति दी गयी। उक्ताशय की जानकारी गजानन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# अटल परिसर में स्थापित अटल जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया गया




डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, छत्तीसगढ़ राज्य के जन्मदाता, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर में उन्हें नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में श्रद्धासुमन अर्पित किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू के नेतृत्व में अटल परिसर में स्थापित अटल जी के प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा, पार्षदगण रामजी साहु, मृगलाल साहु, राजेश देवांगन, बुथ अध्यक्ष अवध साहु, राजकुमार ताम्रकार एवं लक्ष्मीनाथ रजक, रामाधार ओझा, तारन साहु, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, केशव साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पहला कॉलम...

## ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी बॉब सिम्पसन का निधन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के महान कप्तान और बल्लेबाज बॉब सिम्पसन का शनिवार को सिडनी में निधन हो गया। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी के अलावा टीम के पहले फुल टाइम कोच भी थे।

सिम्पसन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे प्रभावी शख्सियतों में से एक थे। उन्होंने 1957 से लेकर 1978 तक अपने देश के लिए 62 टेस्ट मैच खेले और 71 विकेट भी लिए। वह स्लिप के शानदार फील्डरों में गिने जाते थे। 16 साल की उम्र में उन्होंने न्यू साउथ वेल्स की तरफ से फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था और पूरे करियर में कुल 21,029 रन बनाने के अलावा 349 विकेट भी अपने नाम किए।

50 टेस्ट मैच खेलने के बाद 1968 में उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, लेकिन जब टीम पर मुसीबत आई तो उन्होंने संन्यास का फैसला वापस लिया और टीम की कप्तानी संभाली। कैरी पैकर की वर्ल्ड सीरीज के कारण कई बड़े खिलाड़ी इस लीग में खेलने चले गए थे। तब सिम्पसन ने अपना फैसला वापस लिया और कप्तानी करते हुए टीम को संभाला। उन्होंने अपने करियर में 10 शतक जमाए और ये सभी शतक उन्होंने कप्तान रहते हुए ही जमाए। इंग्लैंड के खिलाफ 1964 में मैनचेस्टर में उन्होंने अपने करियर की सबसे बेहतरीन पारी खेली। इस पारी में उनके बल्ले से निकले थे 311 रन। ये उनका टेस्ट में सर्वोच्च स्कोर था। इस पारी के दौरान उन्होंने 13 घंटे लगातार बैटिंग की थी। उनकी और बिल लॉरी की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल सलामी जोड़ियों में से गिनी जाती है। इन दोनों ने 1965 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले विकेट के लिए 382 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की थी।

## लियोनल मेसी का भारत दौरा हुआ तय, सौरव गांगुली और बाईचुंग भूटिया के साथ खेलेंगे मुकाबला

नई दिल्ली। फुटबॉल की दुनिया के सुपरस्टार प्लेयर्स में से एक अर्जेंटीना के लियोनल मेसी जिनके भारत में भी काफी सारे फैंस हैं वह इस साल के आखिर में देश के चार शहरों का दौरा करेंगे। लियोनल मेसी के भारत दौरे के कार्यक्रम को अंतिम मंजूरी मिल गई है, जिसमें वह अपने तीन दिवसीय दौरे का आगाज 12 दिसंबर से कोलकाता से करेंगे। मेसी के भारत दौरे के कार्यक्रम का नाम जीओएटी टूर आफ इंडिया 2025 है जिसका पहला पड़ाव कोलकाता होगा। इसकी जानकारी इस कार्यक्रम के प्रमोटर सताद्रु दत्ता ने दी।

लियोनल मेसी जो साल 2011 में पहली बार भारत आए थे उनके दूसरी बार के भारत दौरे के कार्यक्रम को देखा जाए तो वह कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली जाएंगे। इसको लेकर सताद्रु दत्ता ने पीटीआई को दिए अपने बयान में बताया कि मुझे पुष्टि मिल गई है और उसके बाद ही मैने इसकी घोषणा की। मैंने मेसी को पूरे कार्यक्रम के बारे में बता दिया है। मेसी हर शहर में बच्चों के साथ मास्टरक्लास में भी भाग लेंगे। वह 12 दिसंबर को कोलकाता पहुंचेंगे और वहां दो दिन और एक रात रुकेंगे। वह 13 दिसंबर को मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। ईडन गार्डंस या साल्टलेक स्टेडियम पर जीओएटी कन्सर्ट और जीओएटी कप का आयोजन होगा।

## सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर आरोनियन को खिताब

सेंट लुई (अमेरिका) । पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके। विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए। पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके। आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाये जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया। आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24.5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे।



# इंग्लैंड ने अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए किया स्क्वाड का ऐलान



नई दिल्ली। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने सितंबर महीने की शुरुआत में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए अपनी स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड की टीम 2 सितंबर से पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी जिसके बाद दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज खेली जाएगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी देखने को मिली है, जो चैंपियंस ट्रॉफी में तो खेले थे लेकिन उसके बाद चोटिल होने के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ घर पर खेली गई सीरीज का हिस्सा नहीं थे।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की स्क्वाड को लेकर बात की जाए तो उसमें हैरी ब्रूक कप्तानी संभालते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा सन्नी बेकर को पहली बार टीम में जगह मिली है, जो अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए घोषित इंग्लैंड की स्क्वाड का हिस्सा हैं। हैरी ब्रूक जिनको जोस बटलर के कप्तानी छोड़ने के बाद लिमिटेड ओवर्स में इंग्लैंड का नया कप्तान बनाया गया था उनके लिए ये सीरीज काफी बड़ी होने वाली है। दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच जहां 2 सितंबर को होगा तो वहीं 4 और 7 सितंबर तो दूसरा और तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। इसके बाद 10 सितंबर को पहला टी20 मैच जबकि 12 और 14 सितंबर को दूसरा और तीसरा टी20 मैच होगा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का स्क्वाड - हैरी ब्रुक, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, सन्नी बेकर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, जो रूट, जेमी स्मिथ।

इंग्लैंड की टी20 स्क्वाड अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए - हैरी ब्रुक, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, लियम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जेमी स्मिथ, ल्यूक वुड।

## युवा स्पिनर आर साई किशोर चोटिल होने से बुची बाबू टूर्नामेंट से हुए बाहर



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इस महीने कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल रही है। इसी वजह से ज्यादातर प्लेयर्स घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे। 18 अगस्त से बुची बाबू टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है। यह टूर्नामेंट 9 सितंबर तक चलेगा। लेकिन अब युवा स्पिनर आर साई किशोर चोटिल होने की वजह से बुची बाबू टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह कप्तानी की जिम्मेदारी प्रदोष रंजन पॉल को मिली है।

क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक लेकिन इस बात की पूरी उम्मीद है कि आर साई किशोर दिलीप ट्रॉफी से पहले ठीक हो जाएंगे। चेन्नई में एक फर्स्ट डिवीजन क्लब मैच के दौरान शाहरुख खान के फॉलो थ्रू ड्राइव को रोकते समय साई किशोर को हाथ में चोट लग गई थी। उनकी गैरमौजूदगी में प्रदोष रंजन पॉल टीएनसीए प्रेसीडेंट XI के कप्तान होंगे, जबकि सी आंद्रे सिद्धार्थ उपकप्तानी संभालेंगे। प्रदोष पहले टीएनसीए के कप्तान थे। लेकिन अब उनकी जगह TNCA की कमान शाहरुख खान को संभालेंगे।

## हड़ताल पर गए एअर कनाडा के क्रू मेंबर्स, कपंनी ने सैकड़ों उड़ानें की रद्द

नई दिल्ली। कनाडा से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां की सबसे बड़ी एअरलाइन की उड़ाने एक के बाद एक रद की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को सुबह से ही एअरलाइन के क्रू मेंबर हड़ताल पर चले गए, जिसके बाद सैकड़ों उड़ानों को रद करना पड़ा। क्रू मेंबर्स की हड़ताल और लगातार उड़ानों के रद होने का सीधा असर यात्रियों पर नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि इस कारण 100,000 से अधिक यात्रियों की यात्रा योजनाएं बाधित हो सकती हैं।जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में अटेंडेंट्स को विमान के चलने के दौरान भुगतान किया जाता है और संघ उड़ानों के बीच जमीन पर बिताए गए समय और यात्रियों को विमान में चढ़ने में मदद करने के लिए भी मुआवजे की मांग कर रहा था।

बता दें कि 10,000 से अधिक एयर कनाडा फ्लाइट अटेंडेंट्स का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ ने लगभग एक बजे (स्थानीय समय) पर इस हड़ताल के बारे में पोस्ट किया। हालांकि, इससे पहले इस हड़ताल को लेकर चर्चा की जा रही थी।इधर, अटेंडेंट्स के हड़ताल पर जाने और यात्रियों को दिक्कत होने के की वजहों के बीच एअर कनाडा ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की अल्पसंख्यक लिबरल सरकार से दोनों पक्षों को बाध्यकारी मध्यस्थता का आदेश देने का अनुरोध किया है। हालांकि, इस दौरान अटेंडेंट का प्रतिनिधित्व करने वाले कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज ने कहा है कि वह इस कदम का विरोध करता है।

## किश्तवाड़ आपदा पर जापानी पीएम ने गहरा दुख जताय

नई दिल्ली। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद मची तबाही को लेकर दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा, यह जानकर गहरा दुख हुआ कि भारत के उत्तरी भाग में बाढ़ के कारण कई बहुमूल्य जानें चली गईं।

शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना और एकजुटता व्यक्त करते हुए पीएम इशिबा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जापान सरकार की ओर से, मैं पीड़ितों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी करता हूं। बता दें कि गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से सुदूर गांव बाढ़ और मलबे की चपेट में आ गया।

## 21 साल की उम्र में जैकब बेथेल को मिली इंग्लैंड टीम की कप्तानी



नई दिल्ली। इंग्लैंड की टीम को घर पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ लिमिटेड ओवर्स सीरीज खेलने के बाद आयरलैंड का दौरा करना है जहां पर वह तीन मैचों की टी20 सीरीज मेजबान के खिलाफ खेलेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज के लिए अपनी स्क्वाड का ऐलान कर दिया है जिसमें उन्होंने कप्तानी की जिम्मेदारी 21 साल के ऑलराउंडर खिलाड़ी को मिली है। जोस बटलर के कप्तानी से हटने के बाद हैरी ब्रूक को लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट में इंग्लैंड टीम का कप्तान बनाया गया था, जिसमें उन्हें आयरलैंड के खिलाफ होने वाली इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है।

आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम के कप्तान बनाए गए जैकब बेथेल को लेकर बात की जाए तो वह इंग्लैंड के लिए 21 साल की उम्र में किसी भी इंटरनेशनल मैच में कप्तानी संभालने वाले सबसे युवा कप्तान बनने के रिकॉर्ड को अपने नाम कर लेंगे। इंग्लैंड टीम के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने जैकब बेथेल को कप्तान बनाए जाने के फैसले पर दिए बयान में कहा कि उन्होंने अभी तक अपने खेल से हम सभी को प्रभावित किया है, जिसमें उनके पास नेतृत्व करने की क्षमता भी मौजूद है। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में बतौर कप्तान जैकब बेथेल के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका भी होगा।

जैकब बेथेल ने अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट में इंग्लैंड टीम के लिए 13 टी20 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 40.14 के औसत से कुल 281 रन बनाए हैं जिसमें 2 अर्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं तो वहीं उनका स्ट्राइक रेट 154.39 का है। इसके अलावा बेथेल ने 4 टेस्ट और 12 वनडे मैच भी खेले हैं। इंग्लैंड की टीम को इस टी20 सीरीज का पहला मुकाबला जहां 17 सितंबर को खेलना है तो वहीं 19 और 21 सितंबर को दूसरा और तीसरा टी20 मैच खेला जाएगा।

## आईसीसीसी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी पर लिया कड़ा एक्शन, फिक्सिंग के मामले में लगाया प्रतिबंध



नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 15 अगस्त को श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी सालिया समन को लेकर एक बड़ा फैसला लिया। आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक ट्रिब्यूनल ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया जिसके बाद उनपर 5 साल का प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। सालिया समन के अलावा इस मामले में 7 और लोगों पर साल 2023 के सितंबर महीने में आरोप लगा था जिसके बाद से उनपर बैन लगा दिया गया था।

श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी सालिया समन को इस प्रतिबंध का सामना उन्हें अबुधाबी टी10 लीग के साल 2021 में फिक्स करने के आरोप के चलते करना पड़ा है। सालिया पर आईसीसी का ये प्रतिबंध 13 सितंबर 2023 से लागू होगा जबसे उनपर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया था जिसमें वह अब तक 2 साल के बैन का सामना कर चुके हैं। समन को आईसीसी ने तीन प्रमुख अपराध का दोषी पाया है जिसमें नियम 2.1.1 के अनुसार मैच या मैचों के पहलुओं को फिक्स करने, षड्यंत्र रचने या अनुचित तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में शामिल होना है।

इसके अलावा 2.1.3 के अनुसार भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के बदले में किसी अन्य प्रतिभागी को इनाम की पेशकश करना और 2.1.4 के अनुसार किसी भी प्रतिभागी को संहिता के अनुच्छेद 2.1 का उल्लंघन करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करना, फुसलाना, निर्देश देना, राजी करना, प्रोत्साहित करना या जानबूझकर सुविधा प्रदान करना शामिल है।

सालिया समन को लेकर बात की जाए तो वह श्रीलंका के घरेलू क्रिकेट में अहम खिलाड़ी माने जाते हैं, जिसमें उन्होंने 101 फर्स्ट क्लास मैचों में खेला है, इसके अलावा समन ने 77 लिस्ट-ए और 47 टी20 मुकाबले भी खेले हैं।

## ग्रेग चैपल ने एमएस धोनी और पूर्व कोच गैरी कर्स्टन पर लगाये कड़े आरोप

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और महान खिलाड़ियों में गिने जाने वाले ग्रैग चैपल जब टीम इंडिया के कोच बने थे तब काफी उम्मीदें जगी थीं। हालांकि, ये सारी उम्मीदें धराशायी हो गईं। चैपल का कार्यकाल भारतीय क्रिकेट के काले इतिहास के तौर पर जाना जाता है। कुछ खिलाड़ी चैपल के खास माने जाते थे और उनमें से ही एक ने अब टीम सेलेक्शन को लेकर खुलासा किया है। इसमें उन्होंने एमएस धोनी और पूर्व कोच गैरी कर्स्टन का नाम भी लिया है।

ये खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि बेहतरीन ऑलराउंडर रहे इरफान पठान हैं जिन्होंने अपनी स्विंग के दम पर चैपल को अपना दीवाना बना दिया था। इरफान की बैटिंग भी चैपल को काफी पसंद थी औ इसलिए वह कई बार उन्हें ऊपर बल्लेबाजी करने भी भेजते थे। हालांकि, इरफान का करियर चैपल के कार्यकाल से ही ढलान पर आ गया था और धीरे-धीरे ये खत्म हो गया। इरफान एक समय भारतीय गेंदबाजी का भविष्य माने जा रहे थे। उनकी स्विंग गेंदबाजी बल्लेबाजों के लिए काल बनती जा रही थी जो धीरे-धीरे कम होती चली गई और टीम इंडिया में इरफान की जगह भी पक्की नहीं रही। एक इंटरव्यू में इरफान ने बताया है कि उन्हें लगातार प्लेइंग-11 से बाहर रखा जा रहा था और जब ये बात उन्होंने उस समय के कोच गैरी कर्स्टन से जाननी चाही तो उन्होंने पल्ला झाड़ लिया।

इरफान ने कहा, ÷गैरी कर्स्टन ने मुझे दो कारण बताए। उन्होंने कहा कि कुछ चीजें मेरे हाथ में नहीं हैं। ये उनके शब्द थे। मैंने पूछा तो किसके हाथ में है, लेकिन उन्होंने मुझे नहीं बताया। मैं पहले से जानता था कि किसके हाथ में है। प्लेइंग-11 का फैसला कप्तान करता है। ये फैसला कप्तान, कोच और टीम मैनेजमेंट लेता है। उस समय धोनी कप्तान थे। मैं इस बात में नहीं पड़ना चाहता था कि ये सही फैसला था या गलत क्योंकि हर कप्तान को अपने तरह से टीम चलाने का अधिकार होता है।÷

इरफान साल 2007 में धोनी की कप्तानी में पहला टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। फाइनल में उन्होंने शानदार खेल दिखाया था। साल 2011 में भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में वह चुने नहीं गए थे। इस टीम में उनके भाई युसूफ पठान थे। इरफान ने फरवरी 2009 में के बाद अपना अगला वनडे मैच दिसंबर 2011 में खेला था। उन्होंने भारत के लिए अपना आखिरी वनडे श्रीलंका के खिलाफ अगस्त 2012 में खेला था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुरक्षा कवच, जीएसटी कट, नौकरियां....**

एक लाख करोड़ की योजना की शुरुआत की है. यह योजना प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजनाके नाम से शुरू की गई है. इस योजना के तहत करीब 3.5 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे. साथ ही प्राइवेट सेक्टर में पहली नौकरी करने वाले लोगों को 15000 रुपये सरकार की तरफ से दिया जाएगा.

इस महत्वाकांक्षी योजना से देश में नौकरियों के नए अवसर पैदा होंगे. ये स्कीम खास तौर पर युवाओं, छोटे-मझोले उद्यमों और अलग-अलग सेक्टर्स जैसे मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल्स में नौकरियां पैदा करेंगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष अपने संबोधन में लाल किले के प्राचीर से देश में आबादी के बदलते पैटर्न पर गंभीर चिंता जताई है. पीएम मोदी ने कहा कि वे देश को एक चिंता, एक चुनौती से आगाह कराना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि एक सोची-समझी साजिश के तहत देश की जनसांख्यिकी बदली जा रही है, एक नए संकट के बीज बोए जा रहे हैं.

घुसपैठिए देश के युवाओं की रोज़ी-रोटी छीन रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने देश को घुसपैठियों के संकट से आगाह करते हुए कहा, ÷मेरे देश की बहनों-बेटियों को निशाना बना रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को गुमराह करके उनकी जमीन हड़प लेते हैं, देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा. जब सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी परिवर्तन होता है, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है. कोई भी देश इसे घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता. भारत भी नहीं करेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21वीं सदी के भारत के लिए स्वदेशी जेट इंजन की जरूरतों पर फोकस किया है. उन्होंने कहा, देश को विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए रक्षा निर्माण में अपने प्रयासों में तेजी लानी चाहिए. आज मेरा लाल किले की प्राचीर से मेरे देश के युवा वैज्ञानिकों से, मेरे टैलेंट यूथ से, मेरे इंजीनियर्स से और सरकार के हर विभाग से भी आह्वान है कि हमारे अपने Made In India फाइटर जेट्स के लिए जेट इंजन हमारा ही होना चाहिए. पीएम मोदी ने कहा कि भारत के नागरिकों के पसीने बनी हुई वो चीजें जिसमें भारत की मिट्टी की महक हो और जो भारत के आत्मनिर्भता को ताकत देता हो, हम उसी को खरीदेंगे और उसी का उपयोग करेंगे. अगर ये हमारा सामूहिक संकल्प होगा, तो हम देखते ही देखते दुनिया बदल देंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में पाकिस्तान की बार बार की न्यूक्लियर धमकियों को फुस्स कर दिया. उन्होंने कहा कि हम कई दशकों से आतंक झेलते आए हैं. देश के सीने को छलनी कर दिया गया है. अब आतंकियों और उन्हें पालने-पोसने वालों में कोई फर्क नहीं मानेंगे. दोनों मानवता के दुश्मन हैं. न्यूक्लियर धमकियों का दौर लंबे समय से चला आ रहा है, लेकिन भारत ने ठान लिया है कि अब इसे नहीं सहेगा. हम न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेंगे. पीएम मोदी ने देश और इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप्स इस साल के अंत तक बाजार में उपलब्ध हो जाएंगे, जो भारत की तकनीकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा. प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के प्रयासों को बताते हुए कहा, देश के युवाओं और दुनिया भर के उन लोगों से जो भारत की तकनीकी ताकत को समझते हैं, मैं यह कहना चाहता हूं, इसी साल के अंत तक, मेड-इन-इंडिया चिप्स बाजार में उपलब्ध हो जाएंगे.

**अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात....**

से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया। ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अभी किसी बड़े समझौते पर मुहर नहीं लगी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं और उन्हें दूर करने के लिए आगे और बातचीत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रगति की है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जब तक सब कुछ तय नहीं होता, तब तक कोई डील नहीं मानी जाएगी। वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ फिलहाल टाल दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज की बातचीत के बाद मुझे फिलहाल इस बारे में सोचना नहीं पड़ रहा है। हालांकि, भारत पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है, जिसमें से 25 प्रतिशत रूसी तेल आयात पर पेनल्टी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि बातचीत 'दोस्ताना माहौल' में हुई। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने रूस के राष्ट्रीय हितों को समझा और सम्मान दिया। हालांकि, ट्रंप ने सार्वजनिक मंच से यूक्रेन में रूस के हमलों में नागरिकों की मौत पर कुछ नहीं कहा, जिस पर कई अंतरराष्ट्रीय हलकों में सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल 15 मिनट चली, जिसमें दोनों नेताओं ने सामान्य कूटनीतिक बातें दोहराईं। किसी ठोस उपलब्धि या लिखित सहमति की घोषणा नहीं हुई। इससे साफ है कि दोनों पक्षों में अभी भी गहरे मतभेद कायम हैं और समझौते का रास्ता लंबा है। ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बैठक हो सकती है, जिसमें वे खुद भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह बैठक कब और कहां होगी। पुतिन ने जेलेंस्की से मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका-रूस वार्ता को सकारात्मक रूप से देखेंगे और प्रगति में बाधा नहीं डालेंगे।

**मोदी की चीन यात्रा से पहले....**

करेंगे। यह वार्ता 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। गलवान घटना ने भारत-चीन संबंधों को गंभीर रूप से प्रभावित किया था, और यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में सुधार की उम्मीद जगाती है। वांग यी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ वार्ता करेंगे, जिसमें लद्दाख में तनाव कम करने पर फोकस होगा।

**हम चाहते हैं कि जीएसटी 2.0 अच्छा**

बदलाव के कारण उत्पन्न किसी भी राजस्व अनिश्चितता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव जरूरी हैं। रमेश ने कहा कि अर्थव्यवस्था में प्रमुख रूप से रोजगार पैदा करने वाले एमएसएमई की व्यापक चिंताओं का सार्थक ढंग से समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी में बड़े प्रक्रियागत बदलावों के अलावा, अंतरराज्यीय आपूर्ति पर लागू होने वाली सीमा को बढ़ाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कपड़ा, पर्यटन, निर्यात, हस्तशिल्प और कृषि इनपुट जुड़ी चुनौतियां सामने आई हैं, इनका समाधान किया जाना चाहिए। इसके अलावा, कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्यों को बिजली, शराब, पेट्रोलियम और रियल एस्टेट को भी जीएसटी के तहत कवर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जीएसटी 2.0 पर शीघ्र ही एक डिस्कशन पेपर जारी करने की मांग करती है ताकि इस महत्वपूर्ण मसले पर एक व्यापक बहस हो सके।

रमेश ने कहा, जीएसटी 2.0 को अक्षरशः, भावना और अनुपालन में एक गुड और सिंपल टैक्स होना चाहिए, न कि इसे विकास की राह में अवरोध पैदा करने वाला कर होतना चाहिए, जैसा यह बन गया है। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री की घोषणा के तुरंत बाद, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा कि उसने मानक और योग्यता के आधार पर जीएसटी के तहत कर लगाने से जुड़ा प्रस्ताव दिया है। मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) में चार अलग-अलग करों - 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत का प्रावधान है। विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की उच्चतम दर के जीएसटी लगाया जाता है।

नए प्रस्तावों के तहत केवल दो ही दरों के आधार पर जीएसटी वसूलने की तैयारी है। मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था, इस दिवाली मैं आपके लिए दोहरी दिवाली बनाने जा रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उनकी सरकार ने जीएसटी में बड़े सुधार किए हैं। उन्होंने कहा, हमने राज्यों के साथ चर्चा की है और हम अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार ला रहे हैं, जिससे पूरे देश में कर का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा था, आम आदमी के लिए आवश्यक वस्तुओं पर कर में भारी कमी की जाएगी। हमारे एमएसएमई को भारी लाभ होगा। दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। जीएसटी में अनेक कर और स्थानीय शुल्क शामिल थे। इसे 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था।

## पुतिन 1-0 से आगे रहे...., अलास्का में ट्रंप संग मीटिंग से क्यों निराश दिख रहे यूरोपीय नेता

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन को युद्ध खत्म करने के लिए रूस से समझौता करना चाहिए. क्योंकि रूस बहुत बड़ी ताकत है और यूक्रेन नहीं. ट्रंप ने ये बयान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का में शिखर वार्ता के बाद दिया. जिसमें किसी युद्धविराम पर सहमति नहीं बनी है.

समाचार एजेंसी Reuters की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से भी बातचीत की. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि ट्रंप की वजह से युद्ध के अंत की संभावना नजर आ रही है, लेकिन जब तक पुतिन अपना बर्बर हमला नहीं रोकते, तब तक प्रतिबंध और कड़े होंगे. वहीं, जर्मनी के पूर्व राजदूत वुल्फ़गैंग इशिंगर ने एक्स पर लिखा कि पुतिन को ट्रंप से रेड कार्पेट ट्रीटमेंट मिला, जबकि ट्रंप को कुछ नहीं मिला. न युद्धविराम, न शांति. लिहाजा पुतिन 1-0 से आगे चल रहे हैं. वहीं, ट्रंप ने रुख बदलते हुए कहा कि वे और पुतिन इस बात पर सहमत हुए हैं कि वार्ता को सीधे शांति समझौते की ओर ले जाना चाहिए, न कि केवल युद्धविराम तक सीमित रहना चाहिए. जैसा कि अब तक यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगी अमेरिका के समर्थन से मांग करते आ रहे थे. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि सबका मानना है कि इस भयानक युद्ध को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका सीधे शांति समझौते पर पहुंचना है, न कि केवल युद्धविराम पर. जो कि अक्सर टिक नहीं पाता. ऐसे में ये बयान मॉस्को के लिए स्वागत योग्य है, जो कहता रहा है कि उसे पूरी तरह का समाधान चाहिए, न कि अस्थायी विराम. लेकिन पुतिन के सलाहकारों का कहना है कि ये बेहद जटिल होगा, क्योंकि दोनों पक्षों की स्थिति पूरी तरह विपरीत है. उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा कि वे सोमवार को वॉशिंगटन जाएंगे. ज़ेलेंस्की ने ज़ोर दिया कि उन्हें सिर्फ़ स्थायी शांति चाहिए, न कि एक और अस्थायी ठहराव. उन्होंने कहा कि ट्रंप से चर्चा के दौरान उन्हें अमेरिका की तरफ़ से सकारात्मक संकेत मिले.

# जिले में गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया ध्वजारोहण





76 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

खैरागढ़ (दावा)। आजादी का 79वां पर्व स्वतंत्रता दिवस जिले में पूरे गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल व पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश आमजन के नाम वाचन किया गया। उसके तत्पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे एंव शांति के प्रतिक श्वेत कभूतर छोड़कर उत्सव की शुरुआत की गई। परेड में सशस्त्र बल वर्ग में भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस 40वीं वाहिनी प्रथम, जिला पुलिस बल (पुरुष) द्वितीय और जिला महिला पुलिस बल तृतीय स्थान पर रही। कनिष्ठ वर्ग में स्काउट गाइड बालिका सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ ने प्रथम, एनसीसी बालक डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी खैरागढ़ ने द्वितीय और स्काउट गाइड बालिका (कन्या) आत्मानंद स्कूल खैरागढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

समारोह में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए निकेश यादव के पिता पुरुषोत्तम यादव को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, मीसाबंदी सुभाष सिंह ठाकुर, अंगदान करने वाली स्वर्गीय मुन्नी गोसाई के परिवार सहित अन्य मीसाबंदी परिवारों चैतेंद्र तिवारी को भी सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के 76 अधिकारी-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति और उत्साह से भर गया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धम्मन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष गिरीराज चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, वनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अश्लील वीडिया सोशल मीडिया में अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी पर डोंगरगढ़ पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस ने बताया कि, नाबालिग बच्चों का अश्लील वीडियो/फोटो अपलोड करना एवं देखना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। आरोपी के विरूद्ध धारा- 67(बी) आईटी एक्ट एवं बालको का संरक्षण अधिनियम 2012, 15 तहत कार्यवाही की गई। ऐसे ही सायबर टीप थाना डोंगरगढ़ को प्राप्त होने पर सायबर टीप जांच पर से आरोपी शिव कुमार सिन्हा पिता खिलावन सिन्हा उम्र- 28 साल निवासी वार्ड न. 15 बुधवारी पारा, डोंगरगढ़ के द्वारा अपने फेसबुक एकाउण्ट में बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो/फोटो वॉयरल करना पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्र.- 253/2024 67(बी) आईटी एक्ट बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 15 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

# मोहला में धूमधाम से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस



## विधायक राजेश मूणत ने किया ध्वजारोहण, स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के स्टेडियम स्कूल ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि राजेश मूणत ने मुख्यमंत्री का संदेश वाचित कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और विकास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। समारोह में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत मोहला श्रीमती गैंदकुवर ठाकुर, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चन्द्राकर, एडीएम जीआर मरकाम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहीद परिवार हुए सम्मानित

परेड की सलामी के बाद मुख्य अतिथि ने टुकड़ियों का निरीक्षण किया। आईटीबीपी, जिला पुलिस बल, एनसीसी व स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। इस अवसर पर शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।


### सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बांधा समां

स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में प्रथम स्थान कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेन्दाकोड़ो, द्वितीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास मोहला तथा तृतीय स्थान डीएनटी पब्लिक स्कूल मोहला को मिला।

### परेड प्रदर्शन में आईटीबीपी रही अव्वल

परेड मार्च प्रदर्शन में प्रथम स्थान भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस 44वीं बटालियन, द्वितीय स्थान भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस 27वीं बटालियन तथा तृतीय स्थान जिला पुलिस बल महिला थाना अंबागढ़ चौकी ने प्राप्त किया।

# लाल शंकर बहादुर सिंह का जन्म दिवस सादगीपूर्वक मनाया गया




राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने पप्पाजी लाल शंकर बहादुर सिंह के जन्मदिन पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर बच्चों को सम्मानित पप्पाजी लाल शंकर बहादुर सिंह की याद में फलों का वितरण किया गया।

निदेशक संजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह और श्रेयांश बहादुर सिंह उपस्थित थे और उन्होंने 1 मिनट का मौन रखकर लाल शंकर बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित गणमान्यों ने लाल शंकर बहादुर सिंह की याद में श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों को फलों का वितरण कर उन्हें सम्मानित पप्पाजी की याद दिलाई गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह और श्रेयांश बहादुर सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर पप्पाजी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम लाल शंकर बहादुर सिंह के प्रति परिवार और समाज की श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक था।

# चना फसल बीमा राशि न मिलने से घुमका के किसान आक्रोशित, कलेक्टर से मिलकर की मुआवजा दिलाने की मांग

घुमका (दावा)। घुमका क्षेत्र के किसानों को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मुआवजा राशि न मिलने से किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में किसानों ने राजेश श्यामकर के नेतृत्व में कलेक्टर से भेंट कर जल्द से जल्द बीमा राशि दिलाने की मांग की।



ज्ञात हो कि हाल ही में चना फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों को डीबीटी के माध्यम से बीमा राशि का भुगतान किया गया है। परंतु, घुमका क्षेत्र के किसानों को इस योजना के अंतर्गत अब तक एक रुपया भी प्राप्त नहीं हुआ है।

किसानों का कहना है कि यह स्थिति पिछले दो वर्षों से बनी हुई है। आसपास के गांवों के किसानों को बीमा राशि मिल चुकी है, लेकिन घुमका के किसान लगातार वंचित रह गए हैं। इस मुद्दे को लेकर राजेश श्यामकर के साथ दिलीप पटेल, नोहेद्र सिन्हा, केशव वर्मा, नवीन लूनिया, नूनकरन दिलेश्वर वर्मा, गंगेश्वर वर्मा, पीतांबर निषाद, सौरभ सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, लक्की साहू, राजेश वर्मा, फागू यादव सहित कई किसान डीडीए कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। डीडीए श्री ठाकुर ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही मामले की जांच कर बीमा राशि दिलवाने का आश्वासन दिया है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उन्हें उनकी फसल बीमा की पात्र राशि प्रदान की जाए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

# पीड़िता बच्ची को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ओपीडी में संवेदनशीलतापूर्वक जांच कर दी गई आवश्यक दवाईयां

राजनांदगांव (दावा)। दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार मानवता शर्मसार.. का खंडन। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के स्त्री रोग विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिस तरह एफआईआर हमेशा घटनास्थल के निकटतम थाने में दर्ज कराई जाती है। उसी तरह पॉक्सो या रेप केस की मेडिकल जांच पश्चात रिपोर्ट भी घटनास्थल के निकटतम पीएचसी, सीएचसी या जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर या स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा तैयार की जाती है। यह व्यवस्था राजनांदगांव जिले में मेडिकल कॉलेज निर्माण के पूर्व से चली आ रही है एवं दुर्ग, अंबिकापुर, रायगढ़, कांकेर, महासमुंद, रायपुर में भी इसी नियम का अनुकरण किया जा रहा है।

**पॉक्सो या रेप केस की मेडिकल जांच पश्चात रिपोर्ट घटनास्थल के निकटतम पीएचसी, सीएचसी या जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर या स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है तैयार**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के स्त्री रोग विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस केस में भी रेप पश्चात बिना एफआईआर के मेडिकल जांच रिपोर्ट हेतु पुलिस अधिकारियों के साथ सीधे मेडिकल कॉलेज के प्रसूति स्त्री रोग (ट्रायज रूम) में उपस्थित हुई थी। चूंकि पीड़िता को इलाज की जरूरत नहीं थी, इसलिए उसे नियमानुसार पॉक्सो जांच व रिपोर्ट बनाने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज एक शैक्षणिक संस्थान है। यहां शैक्षणिक कार्य एवं तृतीय स्तर की चिकित्सा सेवा प्रदान किए जाते हैं और आवश्यक होने पर ही रेप पीड़िता को तृतीय लेवल की सुविधा अर्थात सर्जरी या गहन चिकित्सा प्रदान की जाती है, जबकि पॉक्सो रिपोर्ट, 376 प्राथमिक मुलाहिजा रिपोर्ट, राज्य स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर द्वारा तैयार किए जाते हैं। यह कहना पूर्णतः गलत है कि पीड़िता दर्द से तड़प रही थी और उसे इलाज की जरूरत थी, क्योंकि 8 अगस्त 2025 को सुबह मेडिकल कॉलेज चिकित्सकों (स्त्री रोग व शिशु रोग) द्वारा पीड़िता की ओपीडी में जांच कर आवश्यक दवाएं, विटामिन्स प्रिस्क्राइब किए गए थे। वह पर्ची पीड़िता के परिजन द्वारा यह कहकर वापस कर दिया गया कि इसकी जरूरत नहीं हैं। रेफर व ओपीडी पर्ची विभाग में उपलब्ध है।

## मोबाईल एप सचेत प्रणाली से मिलेगी आपदाओं की चेतावनी

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-ताप-घात सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने के लिए सचेत प्रणाली विकसित की गई है। शासन द्वारा पुलिस, नगर सेना, जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर उपयोग करने कहा गया है।

# कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों में किसानों को निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा उर्वरक



निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों में अनियमितता पाये जाने पर की जा रही कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में कृषकों की मांग अनुरूप रासायनिक उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति की जा रही है।

उप संचालक कृषि टीकम ठाकुर ने बताया कि जिले में उर्वरकों के अधिक मूल्य पर विक्रय, कालाबाजारी, जमाखोरी पर रोकथाम के लिए निजी विक्रय केन्द्रों में केन्द्रवार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही जिले में निरंतर निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण एवं सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में डोंगरगांव विकासखंड में मेसर्स सदुरू कृषि केन्द्र ग्राम मटिया एवं मेसर्स विद्याश्री कृषि केन्द्र डोंगरगांव में उर्वरक निरीक्षक सह कृषि विकास अधिकारी संदीप वैष्णव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ललित साहू द्वारा कृषकों की उपस्थिति में 110 कृषकों को निर्धारित मूल्य पर 165 बैग यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया है। राजनांदगांव विकासखंड में मेसर्स वरूण कृषि केन्द्र ग्राम जंगलेसर में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रजनी सोनटेके की उपस्थिति में 43 बैग यूरिया 266.50 रूपए प्रति बोरी की दर से 50 से अधिक कृषकों को उपलब्ध कराया गया।

उप संचालक कृषि टीकम ठाकुर ने बताया कि जिले में अब तक निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 42 उर्वरक विक्रय केन्द्रों को नोटिस, 2 मेसर्स के विरूद्ध एफआईआर एवं 1 केन्द्र का अनुज्ञप्ति निलंबन की कार्रवाई की गई है। जिले में उर्वरक का लक्ष्य 75898 मीट्रिक टन के विरूद्ध 61557 मीट्रिक टन खाद का भंडारण सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों में किया गया है।

# हांडीटोला में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ के अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम कहाड़कसा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आंबेडकर मंगल भवन प्रांगण में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चरणों में पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर एवं ध्वजारोहण कर देश की आज़ादी के लिए दिए गए बलिदानों को नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'स्वतंत्रता दिवस अमर रहे', 'वीर सेनानियों अमर रहें' और 'भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहें' जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। तिरंगे को सलामी भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के पूर्व महासचिव नारद टेंभुरकर ने दी। ध्वजारोहण बौद्ध समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोज लाडेश्वर द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा हांडी टोला के उपाध्यक्ष मिथलेश जनबंधु, सचिव मिलिंद सहारे, पूर्व सचिव घनश्याम लाडेश्वर, गया प्रसाद धवले, पंचायत प्रतिनिधि अरुण कुमार लाडेश्वर, हिमन लाडेश्वर, अमन अम्बादे, निखिल लाडेश्वर, माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने किया शहीदों को याद, जयस्तंभ चौक पर मनाया नमन भारत




राजनांदगांव (दावा)। सेवा की राह में 2025-26 एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पहुंचकर शहीदों किया याद और अपने विचार व्यक्त किए और कहा शहीदों को हर दिन याद किया जाना चाहिए। अध्यक्ष लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष द्वारा शहीदों को नमन करते हुए उन्हें अपने श्रद्धा सुमन पुष्प चक्र रख कर श्रद्धांजलि एमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा (रीजन चेयर पर्सन) एवं लायन लायन शारदा तिवारी (जोन चेयर पर्सन), पद्मश्रीलायन डॉ पुखराज बाफना, अशोक चौधरी, नंदकुमार अग्रवाल, सुशील पसारी, संतोष लोहिया, उमेंद कोठारी, प्रकाश सांखला, मनोज गुप्ता, अशोक तेजवानी, नरेश पंजवानी, संजय तेजवानी, श्यामचरण गुप्ता, डॉ. डी आर यादव, अरुण डुलानी, अशोक, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, लायन विजय कोटड़िया, लायन दीपक जैन, लायन कमल किशोर साहू, लायन मुकेश शर्मा, लायन अंकित दुआ, लायन मुकेश चौबे, लायन कंचन चौबे, लायन राजा माखीजा, रेखा साहू, अनीता जैन, निमिशा ठक्कर, लायन संजय तेजवानी, रमेश गुप्ता, लायन नेहा गुप्ता, लायन शोभा शर्मा, लायन लायन चंद्रिका प्रसाद सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# इस वर्ष 32 बच्चों को मिला सिल्वर कॉइन - घम्मन साहू



खैरागढ़ (दावा)। घम्मन साहू अधिवक्ता व पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा द्वारा प्रतिवर्षानुसार 10 वीं और 12 वीं में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण टोलागांव के बच्चों को सिल्वर कॉइन देकर सम्मानित।

इस वर्ष 10वीं और 12वीं सहित 32 बच्चों को चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया। घम्मन साहू के द्वारा सम्मान का यह 19 वां वर्ष है। टोलागांव की पावन माटी में जन्मे घम्मन साहू अधिवक्ता शिक्षा के प्रति बहुत ही सजग हैं। बच्चों को शिक्षा से जोड़ने उनकी प्रतिभा को निखारने इस तरह सम्मान को एक माध्यम के रूप में चुनकर बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते आ रहे हैं। इसके लिए बच्चे निरंतर परिश्रम करते हैं और शाला में प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त कर इस सम्मान के हकदार बनते हैं। इस तरह श्री साहू द्वारा प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल टोलागांव के प्रतिभावान बच्चे उनके द्वारा सम्मानित होते हैं। उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए सतत प्रेरित किया जाता है। बच्चे, पालक, शिक्षक और ग्रामवासी उनके इस कार्य की हमेशा सराहना करते हैं।

# टप्पा विद्यालय के व्याख्याता की अनुकरणीय पहल



टप्पा विद्यालय में छात्रों को किया गया पुरस्कृत दिवंगत माता पिता की पुण्य स्मृति में शाला टप्पा में व्याख्याता ने बांटे नगद पुरस्कार

डोंगरगांव (दावा)। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शा.उ.मा. विद्यालय टप्पा विकासखंड डोंगरगांव में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्वाधीनता पर्व मनाया गया।

जिसमें प्रतिवर्षानुसार विद्यालय स्तर पर हायर सेकंडरी और हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्र छात्राओं को यहां पदस्थ अन्य शिक्षकों एवं व्याख्याता विरेन्द्र कुमार रंगारी द्वारा अपने दिवंगत पिताश्री भदरु रंगारी एवं दिवंगत माताश्री दुखिया बाई रंगारी की पुण्य स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कारों में शिक्षा सत्र 2024-25 की मंडल द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में हायर सेकंडरी में संकायवार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में कु. दीक्षा वर्मा (वाणिज्य), भवानी शंकर वर्मा (कला), विनय कुमार ऊइके (बायो), संदीप कुमार नेताम (गणित) को क्रमशः 2000, 1500, 1500, 1500 और हाईस्कूल में प्रथम स्थान आने पर कु.योगिता सिन्हा को 1000 की नगद राशि चेक द्वारा प्रदान की गई। साथ ही साथ उनके द्वारा वर्षभर जरूरतमंद छात्र छात्राओं के लिए पाठ्य पुस्तकों एवं स्टेशनरी सामग्री प्रदान करवाई जाती है। जो छात्र-छात्राओं में शिक्षण अध्ययन के प्रति उत्साहवर्धन करने का प्रेरणादायक कार्य करती है। इस अवसर पर स्वतंत्रता समारोह में पधारे और उपस्थित हायर सेकंडरी स्कूल सहित माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय टप्पा के शिक्षकों, पालकों सहित विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू सहित समस्त ग्रामवासियों टप्पा द्वारा आभार ज्ञापित किया गया है।

# शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 12679 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का किया गया भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा 12वीं से उच्चतर महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। इसके तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 3248 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें से 3204 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान हो गया है एवं 44 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति भुगतान लंबित हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के 1617 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें से 1611 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान हो गया एवं 6 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति लंबित हैं।

**67 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति भुगतान बैंक खाता इनएक्टिव होने एवं आधार सीडिंग नहीं होने के कारण लंबित**

अन्य पिछड़ा वर्ग के 7881 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें से 7864 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान हो गया है तथा 17 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति भुगतान लंबित हैं। इस प्रकार कुल 12746 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें 12679 विद्यार्थियों का भुगतान हो गया तथा 67 विद्यार्थियों का बैंक खाता इनएक्टिव होने के कारण एवं बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं होने के कारण लंबित हैं। लंबित भुगतान के संबंध में संबंधित संस्थाओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। 67 लंबित छात्रवृत्ति भुगतान वाले विद्यार्थियों के भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





**श्रीमती लता सिन्हा**
अध्यक्ष
जनपद पंचायत डोंगरगढ़

**अनिल सिन्हा**
अध्यक्ष
भाजपा ग्रामीण मण्डल डोंगरगढ़

---

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





**श्रीमती प्रीति साहू**
सरपंच
ग्राम पंचायत कातलवाही

**दिलीप वर्मा**
सचिव
ग्राम पंचायत कातलवाही

शुभेच्छु- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कातलवाही

---

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**श्रीमती अंजली पड़ोती** सरपंच
देवदास गायकवाड़, उपसरपंच,
पंचगण- श्रीमती त्रिवेणी बाई वर्मा, पवन देवदास,
भरत द्वाज वर्मा,महेश्वरी जंघेल, अंकिता बाई वर्मा,
सुनयना गायकवाड़, गौतरहीन, रामप्रसाद वर्मा,
संतदास गायकवाड़, योगेश्वरी गायकवाड़,
छिरपाल वर्मा- रोजगार सहायक,
दशोदा सिन्हा-सचिव, समस्त ग्रामवासी रीवागहन

---

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**इतवारी राम वर्मा**
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासीगण
ग्राम पंचायत आलीवारा, जनपद पंचायत डोंगरगढ़

---

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई

**युवराज चद्रवंशी**
सरचंप एवं पंचगण
ग्राम पंचायत सहसपुर, जनपद पंचायत डोंगरगढ़

---

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**सुमित मिश्रा**
अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, डोंगरगढ़

---

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**घनाराम चंद्रवंशी**
सरपंच
ग्राम पंचायत-ठाकुरटोला

उपसरपंच-कविता बाई वर्मा, पंचगण- लक्ष्मी बाई,
जीवराखन कंवर, गयंदी बाई कंवर, हेमकुमार,
गणेश निषाद, तिलक वर्मा, निरू बाई मानिकपुरी,
कविता बाई वर्मा, महेन्द्र नागपुरी, निलांबर वर्मा,
मेनका बाई वर्मा, नंदनी वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, जनपद पंचायत डोंगरगढ़

---

समस्त जिलेवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**श्रीमती रीनू किशन दास वैष्णव**
सरपंच
ग्राम पंचायत-अण्डी

उपसरपंच - मुकेश कुमार साहू, सचिव - अनिल कुमार वर्मा,
रोजगार सहायक - रेवतराम, पंचगण - उषा धुर्वे, करूणा तारा,
देवशरण धुर्वे, ललिता कंवर, सरस्वती नेताम, सनद पटेल,
मंगलिन बाई कोडापे, साधना कन्नौजे, रूपा कन्नौजे, रेशमा चंद्रवंशी,
तिजिया निषाद, खेम तिवारी, हेमन्त ठाकुर, मनमत बाई कतलाम,
इमला निषाद, देवकी साहू भुनेश्वर ठाकुर, रोहणी निषाद,
विनित- समस्त ग्रामवासी अण्डी,जनपद पंचायत डोंगरगढ़

**संकलनकर्ता- नंदलाल निषाद, नीरज शर्मा, पंकज सोनी, चिरंजीवी पटेल एवं सहयोगीगण दावा परिवार डोंगरगढ़**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com